आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




# मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## ‘अमृत स्नान’ में दिखा आस्था का प्रचंड वेग, नागा साधुओं ने लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शुरू हुए महाकुंभ 2025 में आज पहला अमृत स्नान है। मकर संक्रांति के मौके पर विभिन्न अखाड़ों के नागा साधुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई, जिसे ‘अमृत स्नान’ (शाही स्नान) कहा जाता है। यह महाकुंभ 12 वर्षों के बाद आयोजित किया जा रहा है, हालांकि संतों का दावा है कि इस आयोजन के लिए 144 वर्षों के बाद एक बहुत ही दुर्लभ मुहूर्त बना है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। सबसे पहले परम्परानुसार अखाड़ा महानिर्वाणी ने संगम में अमृत स्नान किया उनके साथ श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी था। दोपहर 12 बजे तक संगम में 1 करोड़ 60 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा ली थी। उप्र के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि महाकुंभ के पहले अमृत स्नान पर कई अखाड़ों के साधु संतों ने ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4:35 बजे ही संगम में डुबकी लगा ली। निरंजनी अखाड़ा, अटल अखाड़ा, महानिर्वाणी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा ने पवित्र स्नान किया। सुबह 8 बजे तक 1 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगा ली थी और यह आंकड़ा बढ़ता ही जाएगा।

### चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध



### श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

महाकुम्भ के इस पावन अवसर पर रात और दिन का कोई भेद नहीं रह गया है। पूरी रात श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। चहल-पहल से गूंजते संगम तट पर हर व्यक्ति अपने हिस्से की आस्था और दिव्यता को आत्मसात करने में लीन दिखा। भारत की असंख्य विविधताओं के बीच अद्भुत एकता दिखाई दे रही है। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु अपनी परंपराओं, भाषाओं और वेशभूषाओं के साथ एक ही उद्देश्य से संगम पर पहुंचे हैं और वो है पवित्र स्नान और आध्यात्मिक अनुभव।

### मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ‘नंदी’ ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** प्रयागराज में सनातन गर्व महाकुंभ पर्व का पावन शुभारंभ हुआ। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति की मध्य रात्रि में प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ‘नंदी’ ने सपरिवार



त्रिवेणी संगम में आस्था और पुण्य की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के कल्याण, सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अध्यात्म, आस्था और आधुनिकता का अनूठा संगम है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



### घाटों पर गूंजे हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष

12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले स्नान घाटों पर हर हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष सुनाई दिए। साधुओं के अमृत स्नान के साथ ही आम श्रद्धालुओं ने भी अपनी आस्था की डुबकी लगाई। संगम के आसपास गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ चारों ओर से देखी गई। इस दौरान सभी ने हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों से संगम क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

# सरस्वती शिशु मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष पर एफआईआर

## भाजपा नेता की दबंगई, पुलिस के सामने की मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** सियासी पेंच में घिरे भारतीय जनता पार्टी के सरस्वती शिशु मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण महावर पर अब सेक्टर-24 थाने में मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया है। ऐसे में उनकी मंडल अध्यक्ष की दावेदारी पर तलवार चलनी तय मानी जा रही है। यह मुकदमा अदालत के आदेश पर दर्ज हुआ है।

मयूर विहार फेस 3 निवासी सौरभ चौहान ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-12 की मार्केट में रोहित शुक्ला के साथ साझेदारी में चाय कैफे चलाता है। 30 अगस्त की रात्रि को वह अपना काम खत्म करके घर जाने के लिए दुकान से बाहर आया। इस दौरान उसने देखा कि एक व्यक्ति के सर से खून बह रहा था। पूछने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि उसके साथ काम करने वाले दूसरे मजदूरों ने मारपीट की है। सौरभ चौहान के मुताबिक वह मजदूर से बात कर ही रहा था कि इस दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रशांत महावर और उसके तीन-चार अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और उससे उलझ गए। विरोध करने पर उन्होंने डंडे से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान सत्यनारायण महावर अपनी पत्नी के साथ मौके पर आ गए और इन लोगों ने उसे सड़क पर गिराकर पीटना शुरू कर दिया। पास से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह उसे इन लोगों से चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के आने पर वह पुलिस की गाड़ी में बैठ गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस के सामने भी प्रशांत महावर, सत्यनारायण महावर, उनकी पत्नी तथा अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। इस दौरान मारपीट की सूचना मिलने पर उसकी मां भी मौके पर आ गई और उसे (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पिकअप सवार बदमाशों के साथ मुठभेड़, दो बदमाश घायल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। मुठभेड़ के दौरान फरार हुए दो बदमाशों को पुलिस ने कांबिंग के बाद दबोच लिया। इनके पास से तमंचा कारतूस व चोरी की वारदात में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप बरामद हुई है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस को सूचना मिली कि 9 जनवरी को श्री बालाजी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# ‘13 साल के बच्चे ने लिखा-मुझे भगवान बुला रहे हैं, ढूंढना नहीं’

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा व ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग स्थानों से दो किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।।

थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर-36 में रहने वाली ममता ने अपने बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 13 जनवरी की सुबह उनका (14 वर्षीय) बेटा घर से बिना बताए चला गया। किशोर जाने से पूर्व एक लेटर भी घर छोड़कर गया जिसमें उसने लिखा है कि उसे लग रहा है कि उसे भगवान बुला रहे हैं। वह अपने आपको काबू नहीं कर पा रहा हूं और भगवान के स्थान पर जा रहा है। परिजन उसे ढूंढने की कोशिश ना करें। थाना सेक्टर-20 में मनोज कुमार जुनेजा ने अपने बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि उनका बेटा 12 जनवरी की शाम को घर से कोचिंग के लिए निकला था। देर शाम जब वह (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जम्मू-कश्मीर के युवक की दुर्घटना में मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दादरी क्षेत्र में बील गांव के पास रास्ता पार करते हुए अज्ञात वाहन की टक्कर से जम्मू-कश्मीर के रहने वाले एक युवक की मौत हो गई। मृतक के दोस्त ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम नगरोटा जनपद उधमपुर निवासी बांकाराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मूल रूप से जम्मू कश्मीर का रहने वाला उसका दोस्त मुख्तार चंद्र बील गांव में किराए पर रहता था। 12 जनवरी की दोपहर को वह अपने कमरे पर जा रहा था। बील गांव कट के पास तेज गति में आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर वह उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मृत महिला के नाम पर लिया पर्सनल लोन

## महिला की मृत्यु के पांच महीने बाद की जालसाजी

**नोएडा (चेतना मंच)।** महिला की मौत होने के 5 महीने बाद जालसाजी से उसके नाम पर पर्सनल लोन स्वीकृत किए जाने का अजीबो गरीब मामला प्रकाश में आया है। मृतका के पति का आरोप है कि एक व्यक्ति एवं बैंक कर्मियों ने मिली भगत कर उसकी पत्नी के खाते को खाली कर दिया। पीड़ित ने आरोपी व एचडीएफसी बैंक कर्मियों के खिलाफ थाना 126 में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम वाजिदपुर निवासी रिंकू चौहान ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2015 में उसकी शादी अनु चौहान के साथ हुई थी शादी के कुछ समय बाद ही उसकी पत्नी अनु सेक्टर 168 स्थित एक स्कूल में अध्यापिका के रूप में कार्य करने लगी। कुछ महीनो बाद स्कूल के कहने पर अनु चौहान ने सैलरी के लिए एचडीएफसी बैंक में अपना खाता खुलवा लिया। एक अप्रैल 2019 को अनु चौहान का आकस्मिक निधन हो गया। उस समय उसके खाते में 416674 रुपए थे। 15 अप्रैल को स्कूल से वेतन आने के बाद खाते का बैलेंस 439624 हो गया। रिंकू चौहान के मुताबिक 28 जुलाई 2019 में उसने एटीएम के द्वारा अपनी पत्नी के खाते से 31000 रुपए निकाल लिए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# 6 दोपहिया व ई-रिक्शा चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा से अलग-अलग स्थान से वाहन चोर 6 दोपहिया वाहन व ई-रिक्शा को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिव शक्ति एनक्लेव सालारपुर में रहने वाले राहुल कुमार ने थाना फेस-2 में अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ने शिकायत में बताया कि 30 दिसंबर को उसने ड्यूटी से आने के बाद अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा कर दिया था। अगले दिन सुबह उसे घर के बाहर से बाइक गायब मिली। पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर उसमें दो व्यक्ति उसकी बाइक को ले जाते हुए दिखाई दिए।



थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के शिव शक्ति अपार्टमेंट में रहने वाले राहुल यादव ने अपनी पल्सर बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक चोर 11 जनवरी को घर के बाहर से उसकी बाइक चोरी कर ले गए।

थाना सेक्टर-113 में छलेरा निवासी योगेश ने अपने ई-रिक्शा चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 1 जनवरी की शाम को उसने अपना ई-रिक्शा वेदवन पार्क के बाहर खड़ा किया था और किसी काम से चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसका (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व नोएडा महानगर अध्यक्ष के लिए आठ ने ठोंकी दावेदारी



**नोएडा (चेतना मंच)।** कांग्रेस पार्टी में जनपद गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष के लिए 6 लोगों ने अपनी दावेदारी ठोंकी है। वहीं नोएडा महानगर अध्यक्ष पद के लिए मात्र 2 ही लोगों ने आवेदन किया। बता दें कि कांग्रेस का पूरे प्रदेश तथा जनपदों में संगठन की कई इकाईयों को भंग कर दिया गया था। अब नए सिरे से गठन किया जा रहा है।

गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन दिनेश अवाना एडवोकेट, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, हेमचंद नागर, राम भरोस शर्मा, जिलाध्यक्ष गौतमबुधनगर दीपक भाटी चोटीवाला, जय चंद चौधरी ने आवेदन किया। वहीं नोएडा महानगर के अध्यक्ष पद के लिए मुकेश यादव तथा पूर्व अध्यक्ष शहाबुद्दीन ने आवेदन किया।

प्रदेश कार्यालय पर सातवें दिन संगठन सजृन अभियान के तहत पश्चिम उत्तर प्रदेश से बुलंदशहर ,हापुड, गौतमबुद्धनगर जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अविनाश पांडे एवं उत्तर प्रदेश (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)



कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *निःशुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

# बेकाबू आग

लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फैलने और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। जंगल की आग ने भड़कने के बाद कई शहरी इलाकों को चपेट में ले लिया। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों व सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब बारह लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है। बारिश की कमी से सूखा और तेज हवाएं आग में घी का काम करती हैं। मौसम का गरम रहना व बारिश की कमी भी आग के लिए ज्वलनशील परिस्थितियां बनाते हैं। इस बार आग को भड़काने में सौ मील प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली सेंटा एना हवाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस बार ये हवाएं असामान्य रूप से बहती रही हैं। इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तब छः मुखवाले पुत्र ( स्वामिकार्तिक ) का जन्म हुआ, जिन्होंने ( बड़े होने पर ) युद्ध में तारकासुर को मारा। वेद, शास्त्र और पुराणों में स्वामिकार्तिक के जन्म की कथा प्रसिद्ध है और सारा जगत उसे जानता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जगु जान षन्मुख जन्मु कर्मु प्रतापु पुरुषारथु महा।**
**तेहि हेतु मैं बृषकेतु सुत कर चरित संछेपहिं कहा॥**
**यह उमा संभु बिबाहु जे नर नारि कहहिं जे गावहीं।**
**कल्यान काज बिबाह मंगल सर्बदा सुखु पावहीं॥**

षडानन (स्वामिकार्तिक) के जन्म, कर्म, प्रताप और महान पुरुषार्थ को सारा जगत जानता है, इसलिए मैंने वृषकेतु (शिवजी) के पुत्र का चरित्र संक्षेप में ही कहा है। शिव-पार्वती के विवाह की इस कथा को जो स्त्री-पुरुष कहेंगे और गाएँगे, वे कल्याण के कार्यों और विवाहादि मंगलों में सदा सुख पाएँगे।

**दो0-चरित सिंधु गिरिजा रमन बेद न पावहिं पारु।**
**बरनै तुलसीदासु किमि अति मतिमंद गवाँरु॥**

गिरिजापति महादेवजी का चरित्र समुद्र के समान (अपार) है, उसका पार वेद भी नहीं पाते। तब अत्यन्त मन्दबुद्धि और गँवार तुलसीदास उसका वर्णन कैसे कर सकता है? ॥

**संभु चरित सुनि सरस सुहावा। भरद्वाज मुनि अति सुखु पावा॥**
**बहु लालसा कथा पर बाढ़ी। नयनन्हि नीरु रोमावलि ठाढ़ी॥**

शिवजी के रसीले और सुहावने चरित्र को सुनकर मुनि भरद्वाजजी ने बहुत ही सुख पाया। कथा सुनने की उनकी लालसा बहुत बढ़ गई। नेत्रों में जल भर आया तथा रोमावली खड़ी हो गई॥

(क्रमशः..)

# बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को देनी होगी राहत

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है।

गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों में शामिल हो रहे हैं।

केंद्रीय श्रम मंत्री ने हाल ही में भारतीय संसद को बताया है कि देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार उपलब्ध नागरिकों की संख्या 36 प्रतिशत बढ़कर



***गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।***

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ के स्तर पर आ गई है, यह संख्या वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ के स्तर पर थी। वर्ष 2024 से वर्ष 2014 के बीच, 10 वर्षों में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी अर्थात इस दौरान केवल 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हो सकीं थी, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के बीच 17.19 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुई हैं, यह लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। पिछले केवल एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 के बीच ही देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। कृषि क्षेत्र में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच कृषि के क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। इसी प्रकार विनिर्माण के क्षेत्र में भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में केवल 6 प्रतिशत दर्ज हुई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच विनिर्माण के क्षेत्र में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सेवा के क्षेत्र में तो और भी अधिक तेज वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच सेवा के क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस सबका असर बेरोजगारी की दर में कमी के रूप में देखने में आया है। देश में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसका सीधा असर कामकाजी आबादी अनुपात पर भी पड़ा है जो वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सबसे अच्छी स्थिति तो संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की संख्या में वृद्धि से बनी है। क्योंकि संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को नियोक्ताओं द्वारा कई प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत प्रदान की जाती है। संगठित क्षेत्र में शामिल होने वाले युवाओं (18 से 28 वर्ष के बीच की आयु के) की संख्या में सितम्बर 2017 से सितम्बर 2024 के बीच 4.7 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है, ये युवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से भी जुड़े हैं।

यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रयास किए जाएंगे जिससे मुद्रा स्फीति की दर देश में कम बनी रहे एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में वृद्धि हो। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों की आय पर लगाए जाने वाले आय कर में भी कमी की जानी चाहिए। बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा द्वारा भी मध्यमवर्गीय परिवारों को कुछ हद तक राहत पहुंचाई जा सकती है। ऋण पर ब्याज दरों में कमी करने से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा ऋण खातों में जमा की जाने वाली मासिक किस्त की राशि में कमी होती है और उनकी खर्च करने की क्षमता में कुछ हद तक सुधार होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों के हित में यदि उक्त उपाय नहीं किया जाते हैं तो बहुत सम्भव है कि यह मध्यमवर्गीय परिवार एक बार पुनः कहीं गरीबी रेखा के नीचे नहीं खिसक जाय। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए।

**-प्रहलाद सबनानी**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

# 18 महीनों में ही बे-डगर गठबंधन की नाव

भारत में गठबंधन की सरकार की बात करना कोई नई नहीं है। लेकिन भाजपा के खिलाफ खासकर मोदी सरकार के खिलाफ जिस तरह से गठबंधन की नाव बन रही है। नाव के नदी में जाने से छेद होती दिख रही है। बहरहाल पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच फूट और अब उद्धव ठाकरे द्वारा अकेले बीएमसी चुनाव लड़ने की घोषणा ने इंडिया गठबंधन में बड़ी दरार पैदा कर दी है। गठबंधन से जुड़े चार प्रमुख नेताओं के क्रियाकलापों ने या तो इसके टूटने के या इसे पूरी तरह खत्म हो जाने के संकेत दिए हैं।

वैसे राजनीति के बारे में तय कुछ भी करना कठिन हो सकता है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया था। वहीं आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी कुछ ऐसी ही बात कही। हालांकि, कुछ पार्टियों को अभी भी गठबंधन के भविष्य को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतज़ार है। जुलाई 2023 में बेंगलुरु में उक्त गठबंधन की नींव रखी गई थी, जिसमें 26 पार्टियां गठबंधन में शामिल हुई थीं। लोकसभा चुनाव के दौरान, गठबंधन ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए को चुनौती दी गई थी। नतीजतन, भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं रही। चुनाव में एनडीए ने 296 सीटें जीतीं, जबकि इंडिया गठबंधन ने 230 सीटें हासिल कीं। गठबंधन ने इसे अपनी जीत माना। हालांकि, लोकसभा चुनाव के ठीक आठ महीने बाद, गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया है, बस आधिकारिक घोषणा बाकी है। इस विभाजन के लिए राजनीति के जानकार चार प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं।

आरजेडी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद गठबंधन में दरार दिखने लगी थी। कांग्रेस ने अपने अड़ियल रवैये के कारण हरियाणा में एक जीतने लायक चुनाव गंवा दिया, जो गठबंधन के प्रति उसके रवैये तक फैल गया। इससे सहयोगी दल सतर्क हो गए और गठबंधन के भीतर नए नेतृत्व की मांग उठने लगी। हरियाणा चुनाव नतीजों के एक दिन बाद अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में



उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। प्रस्तावित 10 सीटों में से दो सीटें कांग्रेस को देने पर सहमति बनी। हालांकि, अखिलेश ने कांग्रेस को सीटें देने से इनकार कर दिया। जबकि, गठबंधन के एक नेता ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस अति आत्मविश्वास में आ गई है। लचीला रुख अपनाने के बजाय वह और सख्त होती गई। यह व्यवहार महाराष्ट्र में भी देखने को मिला। पहले कांग्रेस संसद में मुद्दे उठाने से पहले सहयोगी दलों से सलाह लेती थी। लेकिन शीतकालीन सत्र के दौरान यह प्रथा खत्म हो गई और कांग्रेस के नेता स्वतंत्र रूप से काम करने लगे। सपा, तृणमूल और एनसीपी ने उद्योगपति गौतम अडानी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस का खुलकर विरोध किया और पार्टी के रुख का समर्थन करने से इनकार कर दिया। देका जाए तो कांग्रेस कथित तौर पर अडानी मुद्दे पर अपने सहयोगियों के समर्थन की कमी से परेशान है, जिसे वह एक बड़ी चिंता मानती है। कांग्रेस को लगता है कि एकता की कमी से उसकी छवि खराब हो रही है और बदले में उसने ऐसे सहयोगियों को प्राथमिकता देना बंद कर दिया है जो ऐसे मुद्दों पर मुखर नहीं हैं।

कांग्रेस की अपने आधार को बढ़ाने की महत्वाकांक्षा ने भी तनाव को बढ़ावा दिया है। पार्टी ने हरियाणा में अकेले चुनाव लड़ा और महाराष्ट्र में अधिक सीटों के लिए दबाव बनाया, लेकिन दोनों राज्यों में विफल रही। बिहार में आरजेडी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को डर है कि 2025 और 2026 में उनके अपने राज्यों में भी इसी तरह की दबाव वाली रणनीति अपनाई जाएगी। छोटी पार्टियों का तर्क है कि उन्हें उन राज्यों में गठबंधन का नेतृत्व करना चाहिए जहां उनके पास महत्वपूर्ण जन समर्थन है, वे एनडीए का उदाहरण देते हैं, जहां आंध्र प्रदेश में टीडीपी और बिहार में नीतीश कुमार की जेडी(यू) आगे है। खैर जो भी हो जुलाई 2023 में अपने गठन के बाद से, इंडिया गठबंधन ने न तो कोई नेता नियुक्त किया है और न ही कोई संयोजक। ममता बनर्जी ने गठबंधन का नेता बनने में रुचि दिखाई, लेकिन कांग्रेस ने कोई भाव ही नहीं दी।

**- जगदीश यादव**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )।**

# राशिफल

**प्रतिपदा पक्ष पूर्णिमा** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बनेंगे। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी लेकिन गृह कलह के भी संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जुबान पर नियंत्रण रखें और अभी निवेश न करें। अभी स्वास्थ्य बहुत बढ़िया। प्रेम, संतान भरपूर सहयोग में।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
सितारों की तरह चमकेंगे। ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। स्वास्थ्य भरपूर साथ देगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य अच्छा है, लेकिन सर दर्द, नेत्र पीड़ा संभव है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार। उच्चाधिकारियों का आर्शीवाद। प्रेम, संतान भी ठीक है। व्यापार भी ठीक है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा का योग बनेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वयं के स्वास्थ्य पर और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा। स्वास्थ्य मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें और भावुकता पर नियंत्रण रखें। मन परेशान रहेगा।



गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह को अपर पुलिस महानिदेशक बनने व नववर्ष, लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई देते हुए समाजसेवी त्रिलोक शर्मा।

# दिनेश शर्मा ने पेश की कांग्रेस के जिलाध्यक्ष की मजबूत दावेदारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कांग्रेस पार्टी के गौतमबुद्धनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने फिर नये सांगठनिक चुनाव के तहत अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। दिनेश शर्मा ने लखनऊ में हुए संगठन सृजन की बैठक के बाद अध्यक्ष पद के लिए विधिवत अपने आवेदन दाखिल किया।



पार्टी के सूत्र बताते हैं कि जिले में इस बार पार्टी किसी ब्राहमण को जिलाध्यक्ष बनाने की योजना बना रही है। ऐसी स्थिति में दिनेश शर्मा की दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही है। सूत्र बताते हैं कि जल्दी ही जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा होनी तय मानी जा रही है। दिनेश शर्मा का पूर्व जिलाध्यक्ष का कार्यकाल काफी बेहतर तथा सराहनीय रहा है। इसीलिए हाईकमान पुन: उनको जिलाध्यक्ष की कमान सौंप सकती है।


# पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, दो को लगी गोली

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से दोनों चोर घायल हो गए। पकड़े गए चोरों ने बीते दिनों एक दुकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना बिसरख पुलिस बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक सफेद रंग की कार को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार सवार पीछे मुड़ कर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पीछा किया। पीछा करने पर कार सवारों ने अवैध असलाह से पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी जिसके बाद पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। तलाशी में बदमाशों के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम शाहरुख व आकाश त्यागी जनपद मेरठ बताया। पूछताछ में दोनों बदमाशों ने बताया कि उन्होंने 9 जनवरी की रात्रि को श्री बालाजी किचन इक्विपमेंट में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उनसे बरामद इको कार भी उन्होंने वहीं से चोरी की थी।

डीसीपी के मुताबिक मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर कार में सवार गिरोह के अन्य सदस्य फरार हो गए जिनकी तलाश की जा रही है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मुस्कुराहटें



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

हमारी मुस्कुराहटें
अब फूल नहीं बरसातीं
हमारे बचपन और युवावस्था के
सुहाने सपने,
कोहरे की धुंध में ढंके गांव,
सब अलोप हो गए।
ढंक लिये इन्हें
बारुदी बादलों ने।
बदल गई परिस्थितियां
रिश्तो में कभी न खुलने वाली
गांठ पड़ गई।
छोटे भाइयों और अपने ही बेटों
के बच्चे, नहीं पहचानते
अपने दादा दादी परदादा
बड़े पिता को
गांव के घर पर रहने वाले
छोटे-छोटे नन्हे मुन्नों को
जो अपने ही सगे रिश्तों में हैं।
बुजुर्गों के आशीष
वरद्हस्त शुभकामनाओं की
नहीं रह गई पूंछ।
हां कभीं-कभीं मोबाइल पर
पुत्र पौत्र प्रपौत्र हाथ हिलाकर
हलो हाय बाय थैंक यू
कैसे हैं, कैसी हो दादी दादू माम
कर लेते हैं।
जिसका कई दादा दादी मॉम तो
अर्थ भी नहीं समझते हैं।
कैसी संस्कृति पनप गई
यूज एंड थ्रो वाली
सभ्यता फल फूल रही है।
बस उसमें फल फूल नहीं ,
कांटे ही कांटे हैं।
बनावटी मुस्कुराहटें,
कभी फूल तो नहीं बरसा
सकतीं
सिर्फ कुटिलता छिपाने का
अभ्यास करती हैं।
जैसे कि आजकल हमारे देश
के बड़े नेता और उनके पुछल्ले
करते हैं।
इसलिए अब मुस्कुराहटों का
तर्ज बदल गया है।
कैक्टस को आंगन के गमलों में
सजाकर
मां बाप को दालान में रख दिया
गया है।
अब मुस्कुराहटों से फूल कभी
नहीं झरेगा
यह सत्य का निचोड़ है
जीवन का यथार्थ है
अब मुस्कुराहट का अर्थ
उपहास है।

# वेयर वेल इंडिया कम्पनी पर श्रमिकों ने सीटू के बैनर तले किया प्रदर्शन

**नोएडा( चेतना मंच )।** वेतन में बढ़ोत्तरी, कार्य से निकाले गए श्रमिकों को क्षतिपूर्ति सहित पुन: कार्य पर बहाली, मांग पत्र पर सम्मानजनक समझौता व अन्य श्रम समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मैसर्स- वेयर वेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बी- 43 व 44 होजरी काम्प्लेक्स फेज- 2, नोएडा कम्पनी के श्रमिकों ने सीटू के बैनर तले कंपनी के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव रामस्वारथ ने संबोधित किया और उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने कारखाना प्रबंधकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते श्रमिकों की समस्याओं पर सम्मानजनक समझौता नहीं किया जाएगा तो 20 जनवरी 2025 को कम्पनी के गेट पर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

# बाइक पर सवार बदमाशों ने छीना मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थानों से बाइक सवार बदमाश दो महिलाओं व एक युवक से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कल्याण कुंज बरौला में रहने वाली श्वेता चौहान ने थाना सेक्टर-20 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 1 जनवरी को अट्टा मार्केट में खरीदारी करने के लिए आई थी। इस दौरान बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से आईफोन मोबाइल छीन कर ले गए। उसने शोर मचा कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए।

थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाली महिला से बाइक सवारों ने मोबाइल फोन छीन लिया। बरौला में रहने वाली गोमती देवी ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी की दोपहर को वह सेक्टर-47 से काम करके अपने घर जा रही थी। सेक्टर 48 केसर गार्डन के पास पीछे से बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। पीड़िता ने बदमाशों की बाइक का नंबर नोट कर लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**मकर संक्रांति पर...**

तीर्थराज प्रयागराज में जब उजाले की एक किरण तक नहीं निकली थी, हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच मकर संक्रांति के पावन पर्व पर महाकुम्भ नगर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अमृत स्नान के लिए देश-विदेश से करोड़ों लोग गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर पहुंचे। पवित्र स्नान का यह दृश्य भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहराई को दर्शाता नजर आ रहा था। ब्रह्म मुहूर्त में ही लोगों ने पतित पावनी गंगा और संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाकर सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।

पंचायती निर्वाणी अखाड़े के नागा साधुओं ने भाला, त्रिशूल और तलवारों के साथ अपने शाही स्वरूप में अमृत स्नान किया। साधु-संत घोड़े और रथों पर सवार होकर शोभायात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। उनके साथ चल रही भजन मंडलियों और श्रद्धालुओं के जयघोष ने माहौल को और दिव्य बना दिया।

नागवासुकी मंदिर और संगम क्षेत्र में तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। बुजुर्ग, महिलाएं और युवा, सभी अपने सिर पर गठरी लादे आस्था से भरे हुए संगम की ओर बढ़ते दिखे। स्नान के लिए श्रद्धा ऐसी थी कि लोग रात से ही गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाना शुरू कर चुके थे।

महाकुम्भ नगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए। हर मार्ग पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की गहन जांच की गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहा। डीआईजी कुम्भ मेला वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी समेत पुलिस टीम ने घोड़े के साथ मेला क्षेत्र में पैदल मार्च किया और अमृत स्नान जा रहे अखाड़ा साधुओं का मार्ग प्रशस्त किया।

महाकुम्भ के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम तट पर आस्था और दिव्यता का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। एक ओर अखाड़े के साधु-संत अपने विशिष्ट अंदाज में स्नान कर रहे हैं, तो दूसरी ओर हजारों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। संगम तट पर ऐसे अनगिनत दृश्य देखने को मिले, जहां पिता अपने पुत्र को कंधे पर बिठाकर स्नान करा रहे थे। वहीं, कुछ स्थानों पर वृद्ध पिता को उनका पुत्र स्नान कराने लाया था। ये नजारे रिश्तों की गहराई और भारतीय संस्कृति के पारिवारिक मूल्यों की झलक पेश करते हैं।

**भगवे और तिरंगे का संगम**

महाकुंभ के अद्वितीय आयोजन में भगवा और तिरंगे का संगम भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक बन गया है। संगम तट पर सनातन परंपरा का प्रतिनिधित्व करते भगवा ध्वज जहां धर्म और आस्था की गहराई को दर्शाते हैं, वहीं भारत की एकता और अखंडता का परिचायक तिरंगा भी शान से लहराता नजर आया। मंगलवार को तिरंगे ने कई अखाड़ों की राजसी शोभायात्रा का हिस्सा बनकर महाकुंभ के इस दिव्य आयोजन में गौरव का एक नया आयाम जोड़ा। यह दृश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं को जागृत करता है, बल्कि भारत की विविधता में एकता को भी खूबसूरती से दर्शाता है।

**अनुभव करें अनुपम दिव्यता**

महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक ऐसा अलौकिक अनुभव है, जो कण-कण में दिव्यता का आभास कराता है। यह उत्सव केवल आंखों से देखा ही नहीं, बल्कि दिल से महसूस किया जाता है। महाकुंभ का यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत करता है, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहराई और समाज की सामूहिकता को भी दर्शाता है। यह उत्सव हर किसी के लिए एक अद्वितीय अनुभव और आत्मा को शांति प्रदान करने का माध्यम है।

**मंत्री नंद गोपाल गुप्ता...**

उन्होंने बताया कि यह आयोजन सनातन संस्कृति की महान परंपरा को सशक्त करते हुए विश्व स्तर पर उत्तर प्रदेश की पहचान को और मजबूत करेगा।

पूज्य संतों और श्रद्धालुओं के आगमन से प्रयागराज की गरिमा और महिमा और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 2025 को अद्वितीय बनाने के लिए अभूतपूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात, डिजिटल सुविधाओं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

मंत्री ने देश-विदेश से श्रद्धालुओं को आमंत्रित करते हुए कहा कि आप सभी महाकुंभ में आइए और अक्षय पुण्य का लाभ उठाइए। यह आयोजन आपके जीवन में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगा।

**सरस्वती शिशु मंडल के...**

बचाने की कोशिश करने लगी। आरोपियों ने उसकी मां के साथ भी गाली गलौज व बदतमीजी करते हुए उनके कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित ने बताया कि घटनास्थल से वह अपने साथी सचिन मिश्रा के साथ थाने पहुंचा। यहां पुलिस ने भाजपा नेता सत्यनारायण महावर के प्रभाव में आकर उसके तथा उसके रिश्तेदार खुशविंदर, दीपक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जबकि वह मौके पर मौजूद नहीं थे। पीड़ित के मुताबिक उसके पास मौजूद फुटेज में आरोपी उसकी मां और सचिन मिश्रा के साथ बदतमीजी करते हुए दिख रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है। बता दें कि कुछ माह पूर्व भाजपा नेता व कुछ युवकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने भाजपा नेता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

**6 दोपहिया व...**

ई रिक्शा गायब था। थाना बीटा-2 क्षेत्र के पी-3 में रहने वाले चिराग शर्मा के घर के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। इसी थाना क्षेत्र के जगत फार्म से आमका निवासी अनिल कुमार की बाइक पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

थाना बीटा-2 के सेक्टर-36 निवासी मोहित दिवाकर ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहित ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 22 सितंबर को चोरों ने उसके घर के बाहर से बाइक चोरी कर ली।

थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के ग्राम तुगलपुर से चोरों ने वारिश की बाइक चोरी कर ली। पीड़ित के मुताबिक 10 जुलाई को चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने करीब 5 माह बाद चोरी का मामला दर्ज किया है

**'13 साल के बच्चे ने ...**

घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर कॉल की लेकिन फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद परिजन कोचिंग सेंटर पहुंचे तो पता चला कि कोचिंग बंद था। परिजनों ने किशोर के दोस्तों से भी उसके बारे में पूछताछ की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस लापता किशोरों की तलाश कर रही है।

**पिकअप सवार बदमाशों ...**

किचन इक्विपमेंट में चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य चोरी के माल को ठिकाने लगाने के लिए पिकअप गाड़ी से पंच विहार कॉलोनी की तरफ जाने वाले हैं। सूचना के आधार पर थाना बिसरख पुलिस ने पंचविहार कॉलोनी चिपियाना पर चेकिंग शुरू कर दी। कुछ समय बाद पुलिस को एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो पिकअप सवार नहीं रुके और गाड़ी को तेजी से भगाने लगे। बोलोरो पिकअप में बदमाश होने के शक पर पुलिस टीम ने पीछा करना शुरू किया। इस पर बोलेरो में सवार लोगों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी जबकि दो बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल बदमाशों ने अपने नाम मुनव्वर व गुलजार पुत्र फजरू निवासी हापुड बताये। इनके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुए।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस टीम ने कांबिंग के दौरान आजाद व गोलू उर्फ अंकुश को भी दबोच लिया। आरोपियों ने बताया कि उनके पास से बरामद महिंद्रा बोलेरो पिकअप उन्होंने चोरी की वारदात में इस्तेमाल की थी। पुलिस ने बीती रात्रि ही इस मामले में मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था जबकि कुछ लोग फरार हो गए थे। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है।

**कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व...**

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय राय द्वारा ली गई बैठक में आए हुए हुए जनपदों के कार्यकर्ताओं से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में उनकी राय मांगी गई। प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि संगठन निर्माण इस प्रक्रिया में यहां जितने भी साथी आये है सभी को किसी ना किसी रूप में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ संगठन का निर्माण किया जाएगा।

जनपद के पदाधिकारियों कार्यकर्ता साथ बैठकर संगठन को मजबूत बनाने और विस्तार के लिए विचार भी किया गया। सभी ने संगठन विस्तार संबंधित विचार रखें। बैठक में कांग्रेस महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवल, राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व विधायक संजय कपूर, राष्ट्रीय सचिव मनोज त्यागी मुख्य रूप से शामिल रहे।

इसके अलावा जनपद से अजय चौधरी, पुरूषोत्तम नागर, गौतम अवाना, अशोक पंडित, गौरव लोहिया, ऋषिपाल भाटी, रमेश बघेल, राकेश शर्मा आदि नेता भी बैठक में मौजूद थे।

**जम्मू-कश्मीर के...**

लेकर पहुंचे जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान मुख्तार चंद्र की मौत हो गई।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

**मृत महिला के नाम...**

इस दौरान उसे पता चला कि 20 अगस्त को अर्जुन चंद्र सिंह द्वारा चेक से उसकी पत्नी के खाते से 275000 जालसाजी करके निकल गए हैं।

3 सितंबर को उसकी पत्नी के खाते पर 291902 रुपए का पर्सनल लोन सेक्शन कर दिया गया। रिंकू चौहान के मुताबिक उसकी पत्नी की मौत के बावजूद भी उसके नाम पर मिली भगत से लोन पास कर दिया गया। इसके बाद उसकी पत्नी अनु का सारा सेविंग अकाउंट खाली हो गया। उन्हें इस बात की जानकारी पर्सनल लोन की किस्त की अदायगी के लिए आए लेटर से पता चली। इसके बाद उन्होंने बैंक में जाकर पूछताछ की तो बैंककर्मी उन्हें टरकाते रहे। मार्च 2020 में कोविड-19 की महामारी की वजह से लॉकडाउन हो गया। जैसे ही लॉकडाउन खुला तो उन्होंने फिर बैंक के चक्कर लगाने शुरू कर दिए लेकिन बैंक कर्मियों ने उन्हें कोई ठोस जानकारी नहीं दी। रिंकू चौहान के मुताबिक उसकी पत्नी की मौत के 5 महीने बाद बैंक कर्मियों की साजिश के तहत लोन सेक्शन कर उसके खाते को खाली कर दिया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अर्जुन चंद्र सिंह व एचडीएफसी बैंक कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com


# नामी यूनिवर्सिटी के छात्र व पिता से मारपीट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर के एक नामी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र व उसके पिता के साथ पीजी के मैनेजर व स्टाफ ने मारपीट की। पीड़ित ने पीजी मैनेजर सहित चार लोगों के खिलाफ थाना सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से मॉडल टाउन सोनीपत हरियाणा के रहने वाले राजा राणा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह नोएडा की एक नामी यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहा है। वह हाल में ग्राम रायपुर स्थित रॉयल पीजी में रह रहा था। 13 जनवरी की शाम को वह अपने पिता दिनेश कुमार के साथ अपने पीजी पर आया। इस दौरान उसने मैनेजर अभिषेक से अपने कमरे की चाबी मांगी लेकिन उसने देने से इंकार कर दिया। इस बात को लेकर वाद विवाद होने लगा। मैनेजर अभिषेक ने स्टाफ के अंकित, सागर को भी मौके पर बुला लिया और इन लोगों ने उसके मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसे तथा उसके पिता को काफी चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के बाद पीजी के मैनेजर व अन्य लोगों ने इस मामले की शिकायत पुलिस में करने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# घर की कुंडी लगाकर चोरों ने की चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर क्षेत्र के ग्राम डूंगरपुर रीलखा में चोरों ने एक मकान से लाखों रुपए के जेवरात व 105000 रुपए चोरी कर लिए। घटना के समय परिजन सोए हुए थे और बदमाशों ने उनके कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दी थी। पीड़ित की शिकायत पर थाना दनकौर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम डूंगरपुर रीलखा निवासी गजराज सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 12,13 जनवरी की मध्य रात्रि को वह अपने परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। रात्रि में वह लघु शंका करने के लिए उठे। उन्होंने जब अपने कमरे का दरवाजा खोलना चाहा तो वह बाहर से बंद मिला। शक होने पर उन्होंने अपने परिचित लोगों को फोन किया और शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर चोर घर से फरार हो गए। पड़ोसियों ने आकर उनके कमरे के दरवाजे के बाहर लगी कुंडी को खोला। कमरे से बाहर आने पर उन्हें सामान बिखरा हुआ और अलमारी खुली हुई मिली। गजराज सिंह के मुताबिक चोर उनके घर में रखी सेफ खोलकर सोने की पांच तोले की चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, सोने की लॉन्ग, चांदी की पाजेब, चांदी के दो सिक्के, हाथ घड़ी, चांदी की चार चुटकी व 105000 को चोरी कर ले गए हैं। गजराज सिंह के मुताबिक चोर उनके यहां से करीब 10 लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए हैं।

उन्होंने इसकी सूचना तुरंत थाना दनकौर पुलिस को दी। सुबह के समय तलाश करने पर पास के ही खेत में 6 से 7 लोगों के पैरों के निशान मिले। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

# धोखाधड़ी, गबन व जान से मारने की दी धमकी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना नॉलेज पार्क में तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मैनपॉवर सप्लाई करने वाली एजेंसी के संचालक के मुताबिक आरोपियों ने सोसाइटी में इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, सफाई कर्मी, माली व पैंट्री बॉय से काम कराने के बाद उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया।

सेक्टर 63 निवासी सुनील ढोंडियाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह मैनपॉवर उपलब्ध कराने वाली एजेंसी चलाते है। 20 अक्टूबर 2023 को उसकी मुलाकात आदर्श कुमार से हुई। उन्होंने बताया कि सुशांत शिरीन रेजिडेंसी ईटा दो ग्रेटर नोएडा का प्रोजेक्ट नवनीत गुप्ता के पास आ गया है। अब वहीं उक्त प्रोजेक्ट को विकसित व संचालित करेंगे। इसके बाद उसने 22 अक्टूबर को नवनीत गुप्ता, पवन व प्रभात से मुलाकात की। इन लोगों ने उसे सोसाइटी में मैनपॉवर सप्लाई करने को कहा। इन लोगों के कहने पर उसने 23 अक्टूबर से सोसाइटी में दो इलेक्ट्रीशियन, दो प्लंबर,चार सफाई कर्मी, दो माली, एक पैंट्री बॉय सहित 11 कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया। इन लोगों का वेतन 171800 रुपए प्रतिमाह था। ढाई महीने काम कराने के बाद आरोपियों ने उसकी एजेंसी को काम से हटा दिया और कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं किया।

# बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह कल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने दी। बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने बताया कि जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल (15 जनवरी 2025) को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सूरजपुर में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नाम निर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह में विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा गौतमबुधनगर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवनीश सक्सेना उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, दादरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक तेजपाल नागर, पूर्व विधायक जोगिंदर सिंह अवाना, बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक सतबीर गुर्जर, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, विधान परिषद सदस्य श्रीचंद शर्मा विधान, परिषद सदस्य मेरठ धर्मेंद्र भारद्वाज, पूर्व मंत्री वेदराम भाटी तथा पूर्व विधान परिषद सदस्य अनिल अवाना सहित बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित सदस्य व अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे।

## खास खबर

### गली ब्यॉय के सीक्वल में विक्की कौशल और अनन्या पांडे की जोड़ी आएगी नजर



**मुंबई:** सुपरहिट फिल्म गली बॉय के सीक्वल में विक्की कौशल और अनन्या पांडे की जोड़ी नजर आ सकती है। जोया अख्तर के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म रणवीर सिह, आलिया भट्ट, सिद्धांत चतुर्वेदी, कल्कि कोचलिन, विजय वर्मा ने अहम भूमिका निभाई थी। यह फिल्म मुंबई के एक ऐसे युवक के बारे में है, जो रैप संगीत के लिए अपने जुनून को खोजता है। फिल्म को प्रशंसकों और आलोचकों से बहुत प्यार और प्रशंसा मिली। चर्चा है कि फिल्म गली बॉय का सीक्वल बनने जा रहा है। इस बार फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिह की जोड़ी नजर नहीं आएगी। कहा जा रहा है कि गली बॉय के सीक्वल में नई जोड़ी नजर आएगी।गली बॉय के सीक्वल का निर्देशन अर्जुन वरेन सिह कर सकते हैं। इस फिल्म में विक्की कौशल और अनन्या पांडे की जोड़ी नजर आ सकती है।

### यमन गैस स्टेशन विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 17

**अदन:** यमन के मध्य प्रांत अल-बायदा में एक गैस स्टेशन विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गयी है और 74 अन्य घायल हैं, जिनमें से 50 की हालत गंभीर है। हूती नियंत्रण के तहत स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि विस्फोट शनिवार को जहेर जिले में हुआ, जहां चिकित्सा एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमें संभावित लापता व्यक्तियों की तलाश में जुटी हुई हैं। इसके अलावा, नागरिक सुरक्षा इकाइयां क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए काम कर रही हैं। इस बीच, हूती-नियंत्रित गृह मंत्रालय ने बताया कि विस्फोट ने चार गैस स्टेशनों और आस-पास की वाणिज्यिक सुविधाओं को प्रभावित किया, जिससे बड़े पैमाने पर सामान की क्षति हुई। अधिकारियों ने घटना के पीछे कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने पहले बताया था कि विस्फोट में 10 लोग मारे गए और 65 से अधिक घायल हो गए। गौरतलब है कि अल-बायदा प्रांत कई वर्षों से हूती नियंत्रण में है। लगभग एक दशक के संघर्ष से तबाह हुए यमन में हाल के वर्षों में गैस और ईंधन स्टेशनों पर इसी तरह की कई दुर्घटनाएं हुई हैं, जिन्हें अपर्याप्त सुरक्षा उपायों और खराब नियामक निरीक्षण के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है।

### सर्विस राइफल से गोली चलने से बीएसएफ जवान घायल

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गश्त के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान सोमवार सुबह उस समय घायल हो गया, जब उसकी सर्विस राइफल कथित तौर पर दुर्घटनावश चल गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना सुबह करीब 8.15 बजे हुई जब ओल्ड टाउन बारामूला में रोड ओपनिग पार्टी (आरओपी) में तैनात 112 बटालियन के एक बीएसएफ कांस्टेबल ने गलती से अपनी इंसास राइफल से गोली चला दी। घायल जवान की पहचान कांस्टेबल मनीष मेघवाल के रूप में की गयी है, जिसकी गर्दन पर गोली लगी है। उसे तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज बारामूला में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उसकी हालत स्थिर है। गौरतलब है कि यह घटना उस दिन हुई है, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जेड-मोड़ या सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के लिए गांदरबल जिले का दौरा करने के कारण कश्मीर 'हाई अलर्ट' पर है।

### रोडवेज बस और जीप में टक्कर तीन लोगों की मौत

**जयपुर:** राजस्थान में श्रीगंगानगर के पदमपुर में सोमवार को रोडवेज बस और जीप में टक्कर होने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि श्रीगंगानगर से बीकानेर जा रही रोडवेज बस का पदमपुर के पास सामने से आ रही बोलेरो जीप से टक्कर हो गयी। हादसे में जीप में सवार एक महिला एवं दो पुरुष की मौत हो गयी। दो अन्य घायल हो गये। जीप में कुल पांच लाग सवार थे। जीप में सवार सभी 33 एमएल के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलने पर पदमपुर थानाधिकारी सुरेंद्र राणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को पदमपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं केजरीवालः सुधांशु त्रिवेदी

● नई दिल्ली, एजेंसी



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किये जाने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है और कहा कि क्या वह (केजरीवाल) संविधान से ऊपर हैं कि कैग की रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर नहीं रख रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को कैग की रिपोर्ट के मुद्दे पर पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुये आप पर निशाना साधा और कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री हैं भी और नहीं भी हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में यहां अस्थायी मुख्यमंत्री और वास्तविक मुख्यमंत्री के बीच द्वंद है, जिसे लेकर जनता के मन में कई प्रश्न तो उठ ही रहे थे। अब प्रश्न संवैधानिक व्यवस्थाओं और कानूनी दृष्टिकोण से भी उठने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आप नेता रोज एक सवाल खड़ा करते हैं, लेकिन दिल्ली सरकार कैग की रिपोर्ट को सदन के पटल नहीं रखती है। यह समझ से परे हैं कि आप सरकार कैग की रिपोर्ट को पर क्यों नहीं रख रही है? उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद भी आप सरकार कैग की रिपोर्ट को सदन में नहीं रख रही है। भाजपा नेता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 11 जनवरी 2025 को कहा था कि कैग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है।



सोमवार को नई दिल्ली में सेना दिवस समारोह में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल भूपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वाइस एयर स्टाफ एयर मार्शल सुजीत पुष्कर धारकर आगामी 77वें युद्ध की स्मृति में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

# लॉस एंजिलिस में आग से तबाही जारी

## अब तक 24 लोगों की मौत, तेज हवाओं ने और भड़काई आग

● नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया राज्य में लगी आग से 24 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में एक ऑस्ट्रेलियाई टीवी एक्टर रोरी साइक्स भी शामिल हैं। पिछले 7 दिनों से लगी आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। ईटन और पैलिसेड्स में 16 लोगों के लापता होने की खबर है।

लॉस एंजिलिस में रविवार को हवा की रफ्तार में थोड़ी कमी आई। इसके चलते फायरफाइटर्स को आग पर काबू करने में मदद मिली। हालांकि देर रात तक तेज हवाओं के लौटने की चेतावनी जारी की गई है। इसके चलते लॉस एंजिलिस के दो जंगलों में लगी को तेजी से बुझाने की कोशिश की गई। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार तक लॉस एंजिलिस में करीब 38,629 एकड़ इलाका जल चुका था। यह लगभग 60 वर्ग मील के बराबर है। परेश शहर 40 वर्ग मील में फैला है। जिसका मतलब है कि आग ने पेरिस से भी ज्यादा बड़े इलाके को जला दिया है।रॉयटर्स के मुताबिक लॉस एंजिलिस में लगी आग से अब तक करीब 11.60 लाख करोड़ से लेकर 13 लाख करोड़ रुपए (135-150 बिलियन डॉलर) के नुकसान की आशंका है। यहां पर आग को कुछ हद तक काबू किया गया है। लोगों से मास्क पहने रहने की अपील की गई है। आग से निपटने में अमेरिका की मदद के लिए मेक्सिको से फायरफाइटर्स पहुंचे हैं। दूसरी ओर लॉस एंजिलिस पुलिस के मुताबिक



ब्रेटनवुड स्थित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के घर में चोरी की कोशिश की गई। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था, हालांकि बाद में इन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना था कि उसके पास इस बात के कोई सबूत नहीं है कि ये दोनों लोग चोरी की नीयत से ही वहां मौजूद थे।लॉस एंजिलिस के वाटर डिपार्टमेंट के मुताबिक आग लगने से पहले तक कैलिफोर्निया के सभी वाटर हाइड्रेंट पूरी तरह से चालू थे। आग बुझाने के लिए पानी की अधिक मांग के चलते सिस्टम पर दबाव बढ़ा और पानी के स्तर में गिरावट आई। इसके चलते 20% वाटर हाइड्रेंड पर इसका असर पड़ा और उनमें सूखे की स्थिति बन गई। दरअसल, कैलिफोर्निया में कई जगहों पर वाटर हाइड्रेंट सूख गए हैं। ठळ के मुताबिक राज्य के गवर्नर गैविन न्यूजॉम ने शुक्रवार को जांच के आदेश दिए थे कि वाटर हाइड्रेंट में इतनी जल्दी पानी कैसे खत्म हो गया। वहीं आग के संकट के बीच कैलिफोर्निया के सांता मोनिका शहर में लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया है, जिसके बाद प्रशासन ने कर्फ्यू घोषित कर दिया। इस मामले में 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो लोग फायर फाइटर्स की ड्रेस में मौजूद थे।सोशल मीडिया पर दावे चल रहे हैं कि एक शख्स ने जंगल में आग लगाना शुरू किया जिसने फैलते-फैलते बड़ा रूप ले लिया। लॉस एंजिलिस पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है।

# भाजपा धांधली से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहतीः केजरीवाल

● नई दिल्ली, एजेंसी



**आम** आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धांधली करके और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती है।

केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि पटपड़गंज से हमारे उम्मीदवार अवध कुमार ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा में बना हुआ था। उन्होंने दिल्ली में वोट बनवाने के लिए 26 दिसंबर को फॉर्म 6 भरकर आवेदन दिया था लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं आया। किसी ने उनसे कहा कि क्योंकि उनका ग्रेटर नोएडा में वोट बना हुआ है तो उन्हें वोट ट्रांसफर के लिए फॉर्म 6 नहीं, फॉर्म 8 भरना पड़ेगा। उन्होंने 7 जनवरी को फॉर्म 8 भर दिया। कानून के मुताबिक, फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख थी। चुनाव आयोग के मैनुअल यह कहते हैं कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 भरे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की निर्वाचन अधिकारी ने एक आदेश निकालकर कहा है कि फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख है लेकिन रहस्यमय ढंग से एक दिन बाद उन्होंने दोबारा आदेश निकालकर कहा कि 6 जनवरी आखिरी तारीख है। यह दूसरा आदेश क्यों निकाला गया? यह कानून के खिलाफ है। यह चुनाव आयोग की दिशानिर्देश और मैनुअल के खिलाफ है। क्या यह आदेश जानबूझकर अवध ओझा को चुनाव से बाहर करने के लिए निकाला गया? केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग का मैनुअल कहता है कि अगर कोई फॉर्म 8 यानी वोट ट्रांसफर कराने की एप्लिकेशन आखिरी तारीख के बाद भी आती है तो चुनाव आयोग उस पर गौर कर सकता है। लेकिन हमारे लिए यह उम्मीदवार के उम्मीदवारी का सवाल है और इसमें किसी भी तरह की कोई गड़बड़ नहीं है। अवध ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा से दिल्ली ट्रांसफर होना है इसलिए आज हम मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलेंगे ।

### बस पलटने से 20 यात्री घायल

**भीलवाड़ा:** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र के धूलखेडा के समीप आज एक यात्री बस पलटने से 20 से अधिक यात्री घायल हो गये। पुलिस के अनुसार यह बस उत्तरप्रदेश के झांसी से चारधाम की यात्रा पर रवाना हुई थी। इसमें उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के 52 यात्री सवार थे। रविवार को उज्जैन में महाकालेश्वर के दर्शन करने के बाद शाम छह बजे सभी यात्री बस से पुष्कर के लिए रवाना हुये। बस सोमवार तड×के करीब चार बजे मांडल थाना इलाके में धूलखेड़ा पुलिया पर एक डंपर को क्रॉस करते समय बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर पलट गई। घटना के वक्त अधिकांश यात्री सो रहे थे। हादसे में 20 यात्री घायल हो गये, जबकि कुछ लोगों को मामूली चोटें आई।

### सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

**फगवाड़ा:** गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर पंजाब पुलिस ने 27 जनवरी तक राज्य के सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव द्वारा जारी आदेशों के हवाले से कहा गया कि इस अवधि के दौरान जीओएस, एनजीओ और ईपीओएस को कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के कारण पूर्व में स्वीकृत सभी प्रकार की छुट्टियां तत्काल रद्द कर दी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कपूरथला गौरव तूरा ने आज यहां बताया कि इस अवधि के दौरान पुलिस 'हाई अलर्ट' पर रहेगी। इस बीच, जिले को अपराध मुक्त बनाने के प्रयास में, जिला पुलिस ने घेराबंदी और तलाशी अभियान (कासो) शुरू कर दिया है।

### सिविल अस्पताल बनना प्रशंसनीय काम : पटेल

**नरसिंहपुर:** मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नरसिंहपुर जिले के करेली में 10 करोड़ रुपये की लागत से नव-निर्मित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह नवीन अस्पताल भवन सनातनी मंदिर समिति करेली द्वारा प्रदत्त दो एकड़ की भूमि में बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान टीबी के मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण किया। पटेल ने कहा कि चिकित्सा सुविधा की बात होती है, तो हमें अतीत और भविष्य के बारे में भी सोचना चाहिये। चिकित्सा क्षेत्र में दिन प्रतिदिन जरूरतें बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि करेली शहर सनातनी धर्मादा ट्रस्ट राम मंदिर समिति करेली द्वारा दो एकड़ की भूमि अस्पताल के लिए देकर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया है।



सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विज्ञान में केंद्रीय शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में दीप प्रज्ज्वलित किया।

# 'बिहार के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा केंद्र'

### नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में बिहार को केवल ठगा गयाः तेजस्वी यादव

● गोपालगंज, एजेंसी



**बिहार** के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने केंद्र पर राज्य के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया और कहा कि नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में बिहार को केवल ठगा गया है।

तेजस्वी यादव ने सोमवार को यहां परिसदन में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्र पर जमकर हमला बोला। उन्होंने राजद नेताओं के घर पर सीबीआई और ईडी की लगातार छापेमारी के सवाल पर कहा कि दोनों तो भाजपा का सेल (प्रकोष्ठ) है। बिहार में चुनाव है, दिल्ली के बाद जो एकमात्र जो चुनाव है वह बिहार में हैं। अब यहां हर दो दिन में केंद्रीय मंत्री कूद -कूद कर आयेंगे और बड़ी-बड़ी घोषणा करेंगे। राजद नेता ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर केवल बिहार की चर्चा होगी कि हमने बिहार के लिए यह किया वह किया लेकिन हकीकत में तो बिहार ठगा गया, बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है।

एजेंसी लगाई जाएगी। राज्य में जब सरकार गिरी थी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी राजग को छोड़ कर उधर से इधर आए थे तो विजय कुमार चौधरी के रिश्तेदारों पर भी छापा हुआ था। ललन सिंह के करीबी और मुख्यमंत्री के करीबी अधिकारियों पर भी छापा हुआ था। हम तो कहेंगे कि सीबीआई को हमारे घर में ही दफ्तर खोल लेना चाहिए। यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि जो नीतीश कुमार दस लाख नौकरी को असंभव कहते थे अब वहीं नीतीश कुमार बीस लाख नौकरी की बात करते हैं। जो नीतीश कुमार कहते थे कि कहां से दस लाख नौकरी लाएगा अपने बाप के घर से लाएगा। आज उन्हीं के पार्टी के लोग लिखते हैं रोजगार मतलब नीतीश कुमार।

# मोदी ने जम्मू-कश्मीर को बताया भारत का ताज

## प्रधानमंत्री बोले- हर देशवासी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटा है

● श्रीनगर, एजेंसी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर को भारत का ताज बताते हुये, क्षेत्र के लोगों को भरोसा दिया कि उन्होंने जो वायदे किये हैं, उन्हें निभाया जायेगा और राज्य के विकास के लिये हर काम समय से पूरा किया जायेगा। मोदी सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का उद्घाटन करने के बाद यहां आयोजित एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा कि आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का समय होता है, सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। इस मौके पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विकास मंत्री नितिन गडकरी, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह, केन्द्र शासित प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कश्मीर तो देश का मुकुट है भारत का ताज है। इसलिये, मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर हो, और समृद्ध हो। मुझे ये देखकर खुशी होती है कि इस काम में मुझे यहां के नौजवानों, बुजुर्गों , बेटे-बेटियों का लगातार साथ मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर के लिये एक बड़ी सौगात बताते हुये कहा, आज मैं एक बड़ी सौगात लेकर आपके एक सेवक के रूप में आपके बीच आया हूं। कुछ दिन पहले मुझे जम्मू में आपके अपने रेल डिवीजन का शिलान्यास करने का अवसर मिला था। यह आपकी बहुत पुरानी मांग थी। आज मुझे सोनमर्ग सुरंग देश को और आपको सौंपने का मौका मिला है, यानी जम्मू-कश्मीर की, लद्दाख की एक और बहुत पुरानी मांग आज पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि सोनमर्ग सुरंग का वास्तविक निर्माण कार्य, उनकी सरकार ने 2015 में शुरू किया था और मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। प्रधानमंत्री का सभा में स्वागत करते हुये, मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राज्य में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये उनका और चुनाव आयोग का आभार जताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का वायदा भी जल्द पूरा करेंगे। मोदी ने कहा कि इस टनल से सर्दियों के मौसम में सोनमर्ग की कनेक्टिविटी भी बनी रहेगी और इससे सोनमर्ग सहित पूरे इलाके में पर्यटन उद्योग को नये पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जम्मू-कश्मीर में रेल और सड़क सुविधाओं का और विस्तार होगा।

प्रधानमंत्री ने कह कि अब तो कश्मीर वादी रेल से भी जुड़ने वाली है। मैं देख रहा हूं कि इसको लेकर भी यहां जबरदस्त खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि आज भारत, तरक्की की नयी बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटा है।



श्रीलंका में फैंटेसी नेल आर्ट फैशन शो के दौरान रचनाएँ प्रस्तुत करती एक मॉडल।



# कोहली-रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिए : कपिल

## खुद से बुमराह की तुलना पर कहा- हम दोनों अलग-अलग दौर के गेंदबाज

● नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने कहा है कि विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिए। कपिल से रोहित-कोहली के भविष्य पर सवाल किया गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

कोहली 9 पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सके। वे बार-बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े और खराब रहे। वे 3 मैचों की 5 पारियों में महज 31 रन ही बना सके। रोहित को खराब फॉर्म के कारण खुद को सिडनी टेस्ट से ड्रॉप करना पड़ा था। इसके बावजूद भारत को 5 मैच की सीरीज 1-3 से गंवानी पड़ी। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून महीने में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है, लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में सुपटस्टार कल्चर को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है। कप्तान के दावेदारों पर कपिल ने कहा कि इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिए। जो मौजूदा कप्तान (रोहित शर्मा) हैं, वे भी किसी की जगह आए थे। जो भी कप्तान हो उसे पूरा समय मिलना चाहिए। वहीं बुमराह से तुलना पर बोले कि खेल में तुलना करना ठीक नहीं। कपिल ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा गेंदबाजों की तुलना करना सही नहीं समझा।



उन्होंने ने कहा कि खेल में तुलना करना ठीक नहीं है। दो अलग-अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए। आज के दौर में खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है, लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं होता था। कपिल ने 1991-92 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 284 ओवर गेंदबाजी की थी, लेकिन बुमराह अपने अलग तरह के एक्शन के कारण जल्दी चोटिल हो गए। वे लगभग 150 ओवर गेंदबाजी कर सके और 32 विकेट झटके। टीम को इस दौरे पर चोटिल मोहम्मद शमी की भी कमी खली। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को शामिल नहीं करने पर कपिल ने कहा कि मैं दूसरों के फैसले के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं। सिलेक्टर्स ने कुछ सोच समझ कर टीम का चयन किया है। मैं कुछ कहूंगा तो शायद उनकी आलोचना करना होगा। मैं आलोचना नहीं करना चाहता हूं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कमिंस को ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान

## ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदसयीय टीम की घोषणा की

## मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में किया शामिल नाथन एलिस को भी मौका

● सिडनी,

दो बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस की कप्तानी में पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय की टीम की घोषणा कर दी है।

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने 2023 का एकदिवसीय विश्वकप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम में तीन बदलाव करते हुए इस टूर्नामिंट के लिए टीम का चयन किया है। मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को टीम में शामिल किया गया है तथा तेज गेंदबाज नाथन एलिस ने भी टीम में जगह बनाई है। हालांकि अभी चोटिल पैट कमिंस के टखने का स्कैन होना है। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पैतृक अवकाश पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बताया कि चोटिल खिलाड़ियों कमिंस और हेजलवुड के स्कैन के परिणामों का इंतजार हैं। अगर आवश्यकता हुई तो वे नियमों के अनुसार अगले चार सप्ताह के भीतर टीम में बदलाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों के चैंपियंस ट्रॉफी तक उनके फिट होने की पूरी संभावना है। बेली ने कहा कि यह एक बेहद संतुलित टीम है, जिनके मुख्य खिलाड़ी पिछले



एकदिवसीय विश्व कप में खेल चुके है। इसके अलावा इस टीम में कई विविधताएं और विकल्प हैं, जिनका परिस्थितियों और विपक्षी टीम के अनुसार इस्तेमाल किया जा सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार हैः- पैट कमिंस (कप्तान), ऐलेक्स कैरी, नेथन एलिस, ऐरन हार्डी, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस और एडम जम्पा।

## जोश और उत्साह के बीच हुआ खो-खो विश्वकप का उद्घाटन



नई दिल्ली : रंग बिरंगी रोशनी, जोश, उत्साह पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत और बैंड बाजे की राष्ट्रीय धुन के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मशाल जलाकर सोमवार को पहले विश्व कप का उद्घाटन किया। यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खो खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को खो खो टूर्नामिंट की मशाल सौपी। उपराष्ट्रपति ने प्रज्वलित कर विश्व कप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और इंटरनेशनल ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद पी टी उषा, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, ग्रेट खली एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पारंपरिक संगीत के साथ माटी के स्वदेशी खेल में हिस्सा लेने आये देशी-विदेशी खिलाड़ियों का उत्साहवर्ध किया। भारत की मेजबानी में हो रहे पहले खो-खो विश्व कप में पुरुषों और महिला वर्ग में नेपाल, पेरू, ब्राजील, भूटान, दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड, ईरान, बंगलादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, पौलेंड, इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, केन्या, युगांडा और इंडोनेशिया से टीमें हिस्सा ले रही हैं। टीमों को चार-चार ग्रुपों में बांटा गया है हर ग्रुप में पांच टीमें है। समारोह को जगदीप धनखड़, मनसुख मांडविया और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने भी संबोधित किया।

## बिहार की अंशिका सीनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल

पटना : बिहार की बेटी अंशिका कुमारी का इस वर्ष होने वाले तीरंदाजी विश्व कप के लिए सीनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में चयन हुआ है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने सोमवार को यहां बताया कि अंशिका कुमारी का तीरंदाजी विश्व कप, 2025 के लिए सीनियर भारतीय तीरंदाजी टीम में चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है कि बिहार की बेटी अंशिका देश की प्रतिष्ठित तीरंदाजी खिलाडियों दीपिका, अंकिता और सिमरनजोत के साथ भारतीय टीम का गौरव बढ़ा रही हैं। शंकरण ने कहा कि अंशिका कुमारी का राष्ट्रीय तीरंदाजी टीम में चयन बिहार के अन्य खिलाड़ियों को बहुत प्रेरित और प्रोत्साहित करने वाला है।

## पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया

मुंबई, एजेंसी आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने अय्यर को कप्तान बनाए जाने की घोषणा की। पंजाब की फ्रेंचाइजी ने श्रेयस को 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब (जेद्दा) में आयोजित मेगा ऑक्शन में 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है। 30 साल के अय्यर ने पिछले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में खिताब जिताया था। वे दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी भी कर चुके हैं। श्रेयस टीम की कमान संभालने के लिए जल्द ही हेड कोच रिकी पोंटिंग के साथ फिर से जुड़ेंगे। आईपीएल का नया सीजन 21 मार्च से शुरू होगा। इस सीजन का ओपनिंग मैच कोलकाता में खेला जाएगा। वहीं, 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल भी होगा। कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि टीम ने मुझ पर अपना विश्वास जताया है। मैं कोच पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम मजबूत दिख रही है, जिसमें क्षमतावान और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है। मुझे उम्मीद है कि मैनेजमेंट द्वारा दिखाए गए विश्वास को हम अपना पहला खिताब दिलाकर चुका पाएंगे।



## युवराज सिंह के पिता ने किया बड़ा खुलासा

● नई दिल्ली, एजेंसी : युवराज के पिता योगराज सिंह ने कपिल देव से संबंध को लेकर एक इंटरव्यू में खुलासा कि वह एक बार उन्हें गोली मारने के लिए पिस्टल लेकर उनके घर चले गए थे। योगराज ने एक इंटरव्यू में युवराज को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि यदि उनका बेटा 2011 के वर्ल्ड कप के दौरान मर भी जाता तो उन्हें उस पर गर्व होता। युवराज ने 2011 के वर्ल्ड कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। उस दौरान वह कैंसर से जूझ रहे थे। जिसका पता उन्हें वर्ल्ड कप के बाद लगा। योगराज सिंह यू-ट्यूबर समदीश को दिए इंटरव्यू में एक घटना का खुलासा करते हुए कहा कि कपिल देव नॉर्थ जोन और हरियाणा के कप्तान बने, तो उन्होंने बिना बताए मुझे टीम से हटा दिया था। मेरी पत्नी चाहती थी कि मैं टीम से हटाए जाने को लेकर कपिल से सवाल पूछूं। मैं बहुत गुस्से में था। मैंने अपनी पिस्तौल निकाली और चंड़ीगढ़ में सेक्टर 9 स्थित कपिल के घर पहुंच गया। वह अपनी मां के साथ घर से बाहर निकले। मैंने उन्हें गालियां दी। मैंने उससे कहा कि तुम्हारी वजह से मैंने एक दोस्त खो दिया है और तुमने जो किया, उसकी कीमत तुम्हें चुकानी पड़ेगी। मैं तुम्हारे सिर में गोली मारना चाहता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं।



# अभिषेक शर्मा का दावा, दिल्ली एयरपोर्ट पर मेरे साथ हुई बदसुलूकी

● नई दिल्ली, एजेंसी

## कहा-स्टाफ ने एक से दूसरे काउंटर पर घुमाया, टाइम पर पहुंचने के बावजूद फ्लाइट छूटी

टीम इंडिया के ओपनर अभिषेक शर्मा के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर बदसुलूकी हुई है। इसकी जानकारी खुद अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करके दी है। उन्होंने बताया कि इंडिगो स्टाफ के खराब बिहेवियर के कारण उनकी फ्लाइट मिस हो गई। वह छुट्टियां मानाने जा रहे थे।



हालांकि, इस मामले में इंडिगो की ओर से कोई बयान नहीं आया है। अभिषेक को इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू हो रही टी-20 सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में चुना गया है। 24 साल के अभिषेक ने सोमवार को लिखा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो के साथ मेरा सबसे खराब अनुभव रहा। स्टॉफ, खासकर काउंटर मैनेजर सुष्मिता मित्तल का व्यवहार बेहद खराब था। मैं सही काउंटर पर समय पर पहुंचा, लेकिन उन्होंने मुझे अनावश्यक रूप से दूसरे काउंटर पर भेज दिया। बाद में मुझे बताया गया कि चेक-इन बंद हो गया है, जिससे मेरी फ्लाइट छूट गई। मेरे पास केवल एक दिन की छुट्टी थी। जो अब पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इसे और भी बदतर बनाने के लिए वे आगे कोई मददगार सहायता नहीं दे रहे हैं। यह अब तक का सबसे खराब एयरलाइन अनुभव है और सबसे खराब स्टॉफ प्रबंधन है, जो मैंने कभी नहीं देखा है। अभिषेक विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के कप्तान थे। 2 दिन पहले 11 जनवरी को उनकी टीम को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र के हाथों 70 रनों की हार झेलनी पड़ी थी। अभिषेक ने इस टूनार्मेंट के 8 मैचों में एक सेंचुरी और 3 फिफ्टी के सहारे 467 रन बनाए हैं। पिछले साल गर्लफ्रेंड ने सुसाइड की थी, क्रिकेटर से भी पूछताछ हुई थी पिछले साल अभिषेक शर्मा की एक्स गर्लफ्रेंड तानिया सिंह ने 19 फरवरी 2024 को सूरत स्थित अपने घर में सुसाइड कर लिया था।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए द. अफ्रीका की टीम में नोर्टजे-एनगिडी की वापसी

● प्रिटोरिया एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका ने 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम में तेज गेंदबाज एनरिक नोर्टजे और लुंगी एनगिडी को जगह दी हैं।

चयनकर्ताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चोट के कारण चार से सात महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने वाले नोर्टजे और एनगिडी को दक्षिण अफ्रीका की टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। नोर्टजे पैर की अंगुली टूटने तथा एनगिडी कमर की चोट के कारण टीम से बाहर थे। एनगिडी ने पार्ल रॉयल्स के लिए एसए-20 में वापसी की है, जबकि नोर्टजे आने वाले हफ्तों में प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए खेलने वाले हैं। दोनों खिलाड़ी पूरी तरह से फिट हैं। इस टीम में भारत में 2023 एकदिवसीय विश्वकप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले टीम के 10 खिलाड़ी हिस्सा है। वियान मुल्डर, टोनी डी जॉर्जी और रयान रिकेल्टन पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद कोच रॉब वाल्टर ने बताया कि चयन को लेकर एनरिक नोर्टजे और गेराल्ड कोएत्जी के बीच



सीधा मुकाबला था। उन्होंने कहा कि एनरिक का चयन अनुभव के आधार पर किया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकदिवसीय टीम इस प्रकार हैः- टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जॉर्जी, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और रासी वैन डेर डुसेन।



# गॉफ-स्वियाटेक जीतीं, सितसिपास हारे

## कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में केनिन को हराया

## इगा स्वियाटेक ने कैटरीना सिनियाकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया

## सितसिपास को हराकर एलेक्स मिशेलसन ने किया उलटफेर

मेलबर्न एजेंसी : अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने आत्मविश्वास के साथ शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल के पहले दौर में हमवतन सोफिया केनिन को हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गये मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने केनिन को 6-3, 6-3 से हराया। मैच के दौरान उन्होंने अपने शक्तिशाली सर्विस से प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को प्रभावित किया। उन्होंने मैच के दौरान 12 ऐस और 28 विनर लगाए। नौ डबल फॉल्ट के बावजूद सर्विस पर उनका दबदबा रहा। दूसरे दौर में गॉफ का मुकाबला ब्रिटेन की जोडी बरेंज से होगा। वहीं विश्व की दूसरे नंबर की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को पहले दौर के मैच में चेक गणराज्य की खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन में विजयी अभियान की शुरुआत की। यहां चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक ने 81 मिनट तक चले मुकाबले में कैटरीना सिनियाकोवा को सीधे सटों में 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में स्वियाटेक का मुकाबला स्लोवाकिया की रेबेका स्त्रामकोवा के साथ होगा। मैच के बाद स्वियाटेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यहां हर स्टेडियम में खेलना पसंद है। जॉन कैन में मैंने



कई बेहतरीन मैच खेले है। वहीं अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी स्टेफोनोस सितसिपास को हराकर टूर्नामिंट का बड़ा उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यहां मिशेलसन ने दो घंटे और 43 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के स्टेफोनोस सितसिपास को 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। ग्रैंड स्लैम में शीर्ष-20 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिशेलसन की यह पहली जीत है।

उन्होंने मैच के दौरान र्निभिक रणनीति के तहत शक्तिशाली सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक लगाये।। मैच के बाद मिशेलसन ने कहा कि मैंने स्वयं को शांत रखने का प्रयास किया। मुझे मालूम था कि यह एक कठिन मुकाबला होगा, और मैं बहुत खुश हूं कि मैं इसे जीत सका। यह सब आपकी मानसिकता पर निर्भर करता है। मैंने सही मानसिकता के साथ प्रदर्शन किया और अपनी रणनीति पर सही तरीके से अमल किया।



# ठंड के मौसम में डैंड्रफ से हैं परेशान तो इन आसान उपाय को अपनाकर पाएं छुटकारा

ठंड के मौसम में डैंड्रफ होने की समस्या आम हो जाती है। ये सिर्फ हमारे बालों को नुकसान ही नहीं पहुंचाती बल्कि शर्मिंदा भी करती है। इसे दूर करने के लिए कैमिकल युक्त शैम्पू, कंडीशनर का ज्यादा इस्तेमाल करने के बजाय कुछ अन्य उपाय किए जाएं, तो बालों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है आइए जानते हैं कुछ टिप्स.

## नारियल का तेल

नारियल का तेल रूसी के लिए एक बेहतरीन उपाय है। नहाने से पहले 4-5 चम्मच नारियल के तेल से मालिश करें और 1-2 घंटे बाद बालों को धो लें। रातभर लगाकर भी छोड़ सकते हैं। इससे डैंड्रफ में राहत मिलती है। ऐसा शैम्पू भी इस्तेमाल कर सकते है जिसमें नारियल तेल हो।

शैम्पू करने से पहले डैंड्रफ को साफ करने के लिए नमक बहुत कारगर है। नमक को स्कैल्प पर डालकर हल्कें हाथों से रगड़ें इससे मृत त्वचा निकलने लगेगी। कुछ देर रगड़ने के बाद शैम्पू कर लें। आप पाएंगे कि डैंड्रफ पहले से काफी कम हो रहे है। जब भी शैम्पू करें इस प्रक्रिया को अपनाएं कुछ ही समय में डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल जाएगा।

## नींबू का रस

दो चम्मच नींबू के रस को अपने बालों के स्कैल्प पर रगड़कर इससे अच्छी तरह से मालिश करें। फिर एक कप पानी में एक नींबू का रस मिलाएं अब इस पानी से अपने बालों को साफ करें। ऐसा आप हफ्ते में 3 बार करें।

## नारियल और नींबू का रस

नारियल के तेल में एक चम्मच नींबू का रस डालकर इन्हें हल्का गर्म कर लें। अब इस तेल से अपने बालों की मसाज करें। फिर शैम्पू से अपने बालों को धो लें। ये प्रक्रिया आप हफ्ते में कम से कम 2 बार जरूर करें।

# कुर्ते से लगें स्मार्ट

कुर्ते आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं, जितने पहले थे। बस, इसकी स्टाइल में थोड़ा बदलाव जरूर देखने को मिल रहा है। आजकल पाकिस्तानी सूट ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। लड़कियां जोधपुरी शैली के सलवार कुर्ते भी बनवाना पसंद करती हैं। ये कुर्ते ढीले-ढाले और कई रंगों में उपलब्ध होते हैं। आम तौर पर लोगों की राय है कि आज के आधुनिक युग में लड़कियां जींस आदि पहनना ही पसंद करतीं हैं और सलवार कुर्ते तथा अन्य पारंपरिक कपड़ों का चलन कम हो रहा है, लेकिन फैशन डिजाइनरों की राय इससे अलग है। उनका कहना है कि आज भी लड़कियां सलवार कमीज बनवाना पसंद करतीं हैं और अब तो इसमें रेट्रो फैशन की झलक भी देखने को मिल रही है। आजकल तो लड़कियां जींस के साथ भी लांग और शार्ट कुर्ते पसंद करतीं हैं। सलवार के साथ शार्ट कुर्ते या अनारकली स्टाइल के कुर्ते ज्यादा देखे जा रहे हैं। संगीता का कहना है कि कुर्ते को जींस, लेगिंस और जेगिंस, मतलब डेनिम स्टाइल की जींस की तरह दिखने वाली सलवार के साथ पहनने का फैशन काफी प्रचलन में है। केवल सलवार कमीज ही नहीं, दुल्हन के लहंगों में भी आधुनिकता और पारंपरिकता का मिश्रण देखने को मिल रहा है। सलवार कमीज का जादू कुछ और ही होता है। इस आउटफिट में थोड़ी सी तब्दीली करते ही इसे इंडो वेस्टर्न लुक दिया जा सकता है। आइए जानते हैं सलवार-कुर्ते से जुड़े कुछ टिप्स-



अगर आप अपनी हाइट थोड़ी ज्यादा दिखाना चाहती हैं, तो थोड़ा लंबा कुर्ता सिलवाएं। मसलन अगर आपकी हाइट 5'3'' है तो आपको 47-48 इंच का कुर्ता सिलवाना चाहिए।

अगर आपके हाथ मोटे हैं और आप स्लीवलेस नहीं पहन सकती हैं, तो 5 इंच की स्लीव्स बनवा लें। इससे आपके हाथ का अतिरिक्त मांस भी छिप जाएगा और आपके हाथ दुबले दिखेंगे।

सलवार को बहुत सारे स्टाइल्स में पहना जा सकता है। इनका स्टाइल भी ट्रेंड के साथ बदलता रहता है। फिलहाल ढीली सलवार फैशन में है और शॉर्ट कुर्ते ने एक बार फिर एंट्री की है।



# कामकाजी महिलाओं को हमेशा रखना चाहिए इन बातों का ध्यान

**शादी के बाद एक लड़की को अपने पति से ही नहीं बल्कि अपनी सास-ससुर से भी अच्छा तालमेल बनाने की जरूरत है। लेकिन तब क्या हो जब आप घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के चलते बिल्कुल भी समय नहीं निकाल पा रही हों।**

वो जमाना गया जब महिलाएं घर की चार दीवारी में रहकर ही अपना पूरा जीवन काट देती थीं। आज की महिलाएं न केवल अपने अधिकारों को लेकर स्वतंत्र हैं बल्कि पुरुषों की तरह घर से बाहर निकल अपनी एक अलग पहचान बनाने में भी कामयाब हो रही हैं। हां, वो बात अलग है कि लाख-पढ़ी लिखी होने के बाद भी लड़कियों को ससुराल जैसी पारंपरिक भूमिकाओं से गुजरना पड़ता है, जिसके लिए उन्हें न केवल अपने पति के दिल में जगह बनानी होती है बल्कि अपने सास-ससुर संग एक अच्छे रिश्ते की शुरूआत करना भी उन्हीं की जिम्मेदारी में से एक है। लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत कामकाजी महिलाओं के साथ है, जिन्हें हर पल इस बात की चिंता सताती रहती है कि घर और ऑफिस के बीच क्या वह अपनी संतुलन भूमिकाएं निभा भी पाएंगी या नहीं? खैर, हम इस तर्क-वितर्क से किसी नतीजे पर पहुंचें उससे पहले आपको बता दें कि जहां कुछ महिलाओं ने एक संयुक्त परिवार में रहने के कई दोष बताएं हैं तो वहीं इसके विपरीत कई कामकाजी महिलाओं का ऐसा कहना है कि एक संयुक्त परिवार में रहना आपके लिए एक मजबूत समर्थन बन सकता है बशर्ते आपको काम और घर के बीच बैलेंस बनाना आता हो। ऐसे में अगर आप भी चाहती हैं कि कम समय में ही आप सभी की लाडली बन जाए तो आपको इन बातों का हमेशा ध्यान रखें।

## काम के साथ घर को भी प्राथमिकता

हम इस बात को अच्छे से समझते हैं कि एक लड़की के लिए उसका करियर कितना महत्व रखता है लेकिन शादी के बाद आपको यह भी समझना चाहिए कि अब आप अकेले नहीं है आपका अपना एक परिवार है, जिसके हिसाब से भी अब आपको चीजों को मैनेज करना होगा। शादी से पहले जहां घंटों-घंटों आप ऑफिस में काम करती थीं तो वहीं अब आपको अपने परिवार के लिए भी समय निकालना होगा साथ ही साथ घर खर्च के हिसाब से लेकर पार्टनर के माता-पिता की देखरेख करने तक आपको कई बातों को भी ध्यान रखना होगा।



## सुनें और समझें

अगर आप वाकई में चाहती हैं कि आप काम के साथ-साथ अपने परिवार की भी लाडली बनी रहीं तो सबसे पहले बातों को सुनने और समझने की आदत डालें। ऐसा करने से न केवल आप अपने सास-ससुर के मन की बातों को जान पाएंगी बल्कि वह भी आपके काम के महत्व को समझेंगे। यही नहीं, अपने परिवार के हर सदस्यों को जानने की कोशिश करें। यही नहीं, साथ ही साथ उन्हें यह भी बताएं कि घर की जिम्मेदारी को निभाने में आपके लिया क्या संभव है और क्या नहीं।

## पति से हो खुलकर बातचीत

किसी ने ठीक ही कहा है कि सबसे अच्छी शादी वह होती है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त हों। अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ प्यार करने से बेहतर कुछ भी नहीं है। ऐसे में कोशिश करें कि आप और आपके पति के बीच एक स्वस्थ दोस्ती का रिश्ता हो। इसके बाद आपको अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुद फर्क समझ आ जाएगा। वह न केवल आपको समझेंगे बल्कि आपको घर-परिवार की जिम्मेदारी का एहसास होगा।



# पहली मुलाकात में जानें एक-दूसरे को

**जब भी कपल्स एक-दूसरे से मिलने के बारे में सोचते हैं, तो सबसे पहले जेहन में ये बात जरूर आती है कि आखिर पहली मुलाकात में हम बात क्या करेंगे? यही सवाल हमें परेशान करता रहता है और वैसे भी पहली-पहली मुलाकात तो बहुत खास होती है, जो हमेशा याद रहती है।**

लेकिन इस मुलाकात में हम एक-दूसरे से बात ही न कर पाएं या यूं कहें कि उस समय क्या बात करें? ये समझ ही न आए तो क्या करें? क्योंकि हमने आमतौर पर देखा है कि हमारे मन में बातें तो ढेरों रहती हैं, लेकिन पहली मुलाकात पर वे बातें जुबान पर आ ही नहीं पातीं और हम शांत बैठे रह जाते हैं। और यहां-वहां देखकर बस यही सोचते रह जाते हैं कि बातें करें तो क्या? आखिर क्या बातें फर्स्ट मीटिंग में करें? कैसे बातों से एक-दूसरे को समझने में आसानी हो सकती है? ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपके पार्टनर को बोर नहीं होने देंगी? आइए जानते हैं।

जब भी किसी के साथ पहली मुलाकात के लिए जाएं तो बातों की शुरुआत आप उनके प्रोफेशन से कर सकते हैं, क्योंकि अधिकतर लोगों को इसमें इंट्रेस्ट जरूर आता है। चाहे प्रोफेशन के बारे में गॉसिप अच्छी हो या बुरी, इस बारे में बात करना लोग काफी पसंद करते हैं। पार्टनर के फेवरेट एक्टर या एक्ट्रेस के बारे में आप पूछ सकते हैं या अभी रिसेंट उन्होंने कौन सी मूवी देखी है? इस बारे में भी आप बात कर सकते हैं। तारीफ किसको पसंद नहीं आती? जनाब तो कॉम्लीमेंट करना बिलकुल भी न भूलें। उन्हें नोटिस करें और उनकी तारीफ कीजिए। आप उनके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ कर सकते हैं। दोस्तों के बारे में बात करें, क्योंकि लड़का हो या लड़की-सभी को अपने दोस्तों के बारे में बात करना पसंद आता है। तो आप पूछ सकते हैं कि आपके फ्रेंड्स कैसे हैं? किस फ्रेंड्स से अपनी बातें शेयर करते हैं? इस तरह की बातें आपकी मुलाकात को और इंट्रेस्टिंग बनाएंगी। वीकेंड के बारे में पूछें कि उनके इस वीकेंड क्या प्लान हैं? यदि कोई प्लान नहीं हैं, तो आप प्लान कर सकते हैं जिससे कि एक-दूसरे को अच्छे से समझने के लिए और समय मिल सके। अगर बातें बोरिंग हो रही हैं तो आप हंसी-मजाक कर सकते हैं कि उनके साथ ऐसा वाकया कब हुआ, जब उनकी हंसी रुक ही नहीं रही थी। ऐसी कोई फनी बात, जो आपके साथ हुई हो तो वह बात भी आप उनसे शेयर कर सकते हैं।



# क्या आप जानते हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका

**जब भी कम्फर्ट की बात आती है तो सबसे पहले हम लेगिंग्स के बारे में सोचते हैं, क्योंकि लेगिंग्स काफी आरामदायक होती है। लेकिन इसे पहनने में हम कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिसके कारण हम हंसी के पात्र बन जाते हैं।**

क्या आप जानती हैं लेगिंग्स पहनने का सही तरीका? अगर हां तो यह बहुत बढ़िया बात है और यदि आपका जवाब ना है तो इस लेख को पढ़कर आप इस बारे में पूरी जानकारी पा सकते हैं।

हमने अक्सर ऐसी कुछ महिलाओं को देखा है, जो लेगिंग्स के साथ क्रॉप टॉप ट्राई कर लेती हैं। लेकिन यदि आप भी ऐसी गलती करती हैं तो इसे छोड़ दें, क्योंकि लेगिंग्स के साथ कभी भी क्रॉप टॉप नहीं पहना जाता। यह दिखने में बहुत भद्दा लगता है।

ये तो बात हुई क्रॉप टॉप कि लेकिन अगर आप छोटे टॉप पर लेगिंग्स पहनने का विचार कर रही हैं तो इसे बिलकुल भी ट्राई न करें, भले ही आप कितनी भी स्लीम ट्रीम क्यों न हों, पर छोटे टॉप के साथ लेगिंग्स की यह स्टाइल आप पर बिलकुल अच्छा नहीं लगेगी। आपको ऐसी अंडरवियर पहनना चाहिए जिसमें हेमलाइन लेगिंग्स के ऊपर नजर न आए। ऐसे लेगिंग्स पहनने में बहुत अजीब सा लगता और आप इसमें कम्फर्टेबल भी नहीं रह सकती हैं।

प्रिंटेड लेगिंग्स को न करें ट्राई

आप प्रिंटेड लेगिंग्स ट्राई न ही करें तो बेहतर है, क्योंकि ये पहनने में बिलकुल भी अच्छे नहीं लगते। इसलिए अगर आप लेगिंग्स लेने जा रही हैं, तो प्रिंटेड लेगिंग्स न ही लें तो बेहतर है।

# पाएं हाई हील्स की तकलीफ से छुटकारा

**अधिकतर लड़कियां हिल्स पहनना तो चाहती है, लेकिन उन्हें लगता है कि इसे पहनना काफी तकलीफभरा हो सकता है, लेकिन एक अच्छी और स्टाइलिश ड्रेस के साथ हिल्स काफी अच्छी लगती है पर पैरों की तकलीफ के कारण इसे नहीं चुनते हैं। लेकिन हम यहां आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे है जिन्हें अपनाकर आप हाई हिल्स में कंफर्टेबल हो सकती है हम ये नहीं कहते कि हिल्स में आप बहुत आरामदायक महसूस करेंगी लेकिन कुछ टिप्स को अपनाकर आप हाई हिल्स पहनने से होने वाली दिक्कतों से बच सकती हैं.तो आइए, जानते हैं कि हाई हील्स पहनने के दौरान होने वाली परेशानी को आप कैसे कम कर सकती हैं**

## सैंडिल के सही साइज का चुनाव करें

हील्स वाली सैंडिल में आपके पैर आगे की ओर पुश होते हैं, ऐसे में अपने लिए सही साइज की सैंडिल का चुनाव करें।

## अपना फुट टाइप पहचानें

सभी के फुट अलग-अलग होते हैं, किसी के पैर के पंजे चौड़े तो किसी के पतले होते हैं। अपने पंजे के अनुसार सैंडिल के आगे की डिजाइन चुनें, जिससे कि आपके पैर आगे से दबे नहीं।

## मोटी हील को प्राथमिकता दें

मोटी हील आपके पैरों को ज्यादा कवरेज और सपोर्ट देती हैं। इसे पहनने से आपकी एड़ियों पर कम दबाव पड़ेगा, जिससे पैरों में दर्द भी कम होगा।

## ब्रेक लें

पार्टी व किसी खास अवसर पर ही हाई हील्स पहनें। यदि इसके अलावा भी पहनें तो कभी-कभी फ्लेट चप्पल पहनें और अपने पैरों को थोड़ा ब्रेक दें।

## हील की पोजीशन का ख्याल रखें

आपके जूते ऐसे होने चाहिए जिसमें बॉडी का भार पंजों और हील दोनों पर रहे। वरना पंजो या फिर हील पर ज्यादा प्रेशर पड़ेगा। ऐसा होने पर पैरों में दर्द शुरू हो सकता है। इसलिए हील की पोजीशन का ख्याल जरूर रखें।





# फिनाले से पहले मीडिया ने शिल्पा को दिखाया आईना

सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' फिनाले वीक आते-आते और भी मजेदार होता जा रहा है। इस शो का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी को है। ऐसे में अब फैंस के बीच इस सीजन के विनर को लेकर काफी बज बना हुआ है। हर कोई अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के सिर पर जीत का ताज देखना चाहते हैं। फिनाले से पहले मेकर्स ने घरवालों के लिए मीडिया प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी, जिसमें घरवालों से जमकर तीखे सवाल किए गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान का एक नया प्रोमो सामने आया है। इस प्रोमो में पत्रकार ने शिल्पा से ऐसे सवाल किए, जिसका जवाब उनसे देते नहीं बना।

मीडिया प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक प्रोमो वीडियो सामने आया है। इस प्रोमो में एक पत्रकार शिल्पा शिरोडकर से कहती हैं, 'मैं आपसे जानना चाहूंगी शिल्पा जी आप इतनी सीनियर एक्ट्रेस रहीं हैं, आपका सेल्फ कॉन्फिडेंस कहा गया और आपका कोई सेल्फ रिस्पेक्ट है या नहीं।' इसके बाद पत्रकार ने आगे कहा, 'विवियन आपको कोहनी तक हाथ जोड़कर बोल चुके हैं कि यहां मिली हैं बाहर मत मिलिएगा। करण आपको बार-बार समझा रहे हैं। इसके बावजूद आपने 14 हफ्तों बाद जाकर सॉरी कहा।' पत्रकार के इस सवाल पर शिल्पा ने जवाब देते हुए कहा, 'सॉरी बोलने से कोई इंसान छोटा नहीं होता।' ये सुनते ही पत्रकार ने कहा, 'ये कोई प्रवचन वाला शो नहीं चल रहा है। संतो का शो नहीं चल रहा है। ये बिग बॉस है।' इस पर शिल्पा ने कहा, 'बिल्कुल सही कहा आपने, ये कोई गुस्से या एरोगेंट की बात नहीं है। आप अगर दूसरे की तरह बनेंगे तो आप में और उनमें क्या फर्क रह जाएगा।' रिपोर्टर ने कहा कि जब किचन में विवियन ने आपसे कहा कि अपना सॉरी अपने पास रखिए। ये बात करण को बुरी लगी आपको नहीं लगा। चलिए सलमान जी जैसे कहते हैं महान शिल्पा जी की महान बातें। पत्रकार की बात सुनकर शिल्पा का फेस एक्सप्रेशन देखने वाला था।



# वरुण और नरगिस फाखरी का 10 साल पुराना BTS वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर 'बेबी जॉन' एक्टर की पिट रही भद!

वरुण और नरगिस का 'बिहाइंड द सीन' (BTS) वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंटरनेट पर वायरल हो रहा ये 10 साल पुराना वीडियो रोमांटिक कॉमेडी मूवी 'मैं तेरा हीरो' का बताया जा रहा है, जो साल 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें इलियाना डिक्रूज भी थीं। इस वीडियो को देखने के बाद वरुण पर यूजर्स का गुस्सा फूट पड़ा है। इस BTS वीडियो में Varun Dhawan और नरगिस फाखरी एक रोमांटिक सीन शूट कर रहे हैं। इसमें डायरेक्टर ने तीन बार 'कट' कहा, लेकिन वरुण ने एक नहीं सुनी और सीन में जानबूझकर डूबे रहे। इससे नरगिस और क्रू मेंबर्स की हंसी छूट पड़ती है, लेकिन लोगों को उनका ये अंदाज पसंद नहीं आया।

ये क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वरुण जो हरकत करते दिख रहे हैं, उससे फिल्ममेकिंग के दौरान एक्टर्स की सीमाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं।एक यूजर ने तृप्ति डिमरी की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का डायलॉग लिखा, 'ठरक, ठरकी, ठरकुल्ला।' दूसरे ने लिखा, 'वरुण को कई बार उनके इस बिहेवियर के कारण आलोचना का सामना करना पड़ा।' एक और ने लिखा, 'ओवरएक्टिंग की दुकान प्लस बेशर्म।'वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण को 'बेबी जॉन' में देखा गया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। उन्होंने 'सिटाडेल: हनी बनी' वेब सीरीज से ओटीटी में भी डेब्यू किया, लेकिन इस शो की भी खास चर्चा नहीं हुई। अब उन्हें 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में देखा जाएगा।





# हिना खान बॉयफ्रेंड रॉकी को लेकर इमोशनल हुई



टीवी की जानी मानी अभिनेत्री हिना खान इन दिनों बुरे दौर से गुजर रही हैं। हिना खान ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने पिछले साल जून में सोशल मीडिया पर स्टेज-थ्री ब्रेस्ट कैंसर होने की जानकारी दी थी। इस खबर ने न सिर्फ हिना के फैंस बल्कि स्टार्स को भी हिलाकर रख दिया था। ब्रेस्ट कैंसर होने के बाद भी हिना ने हिम्मत नहीं हारी और फैंस के साथ हमेशा ही मोटिवेशनल नोट शेयर करती नजर आईं। वहीं, अब हिना जल्द ही अपनी अपकमिंग सीरीज में 'गृह लक्ष्मी' में नजर आने वाली हैं। ये उनके कैंसर डायग्नोसिस के बाद पहली रिलीज है। ऐसे में अब हिना का लेटेस्ट इंटरव्यू चर्चा में है, जिसमें वो अपने बॉयफ्रेंड रॉकी को लेकर बात करते हुए इमोशनल हुईं। हिना ने कहा, 'मैं ठीक हूं, बेहतर हो रही हूं। मैं ठीक हो रही हूं।' हिना ने इस मुश्किल घड़ी में हार नहीं मानी और उनके साथ मजबूती से खड़े रहने वाले लोगों को थैंक्यू कहा। हिना ने कहा, 'मैं बहुत मजबूत इंसान हूं। मुझे इसके लिए खुद की पीठ थपथपाना चाहिए। मैं बहुत जिम्मेदार भी हूं। मैं अपने जीवन के उतार-चढ़ावों में ऐसी ही रही हूं, जिसमें मेरे पिताजी का निधन भी शामिल है।' हिना खान अपने इंटरव्यू में आगे बॉयफ्रेंड रॉकी जयसवाल के बारे में बात करते हुए इमोशनल होती नजर आईं। उन्होंने कहा, 'मुझे अपने आस-पास के लोगों - मेरे साथी रॉकी, मेरी मां, मेरे भाई, मेरे चचेरे भाई और रॉकी के परिवार - से ताकत मिलती है। मेरे आस-पास बहुत प्यार है। लकड़ी को छूकर देखो! अल्हम्दुलिल्लाह, नजर न लगे। यही प्यार मुझे आगे बढ़ने में मदद करता है। इसने वास्तव में मुझे आज जहां मैं हूं, वहां तक पहुंचने में मदद की है। मैं आपको यह भी नहीं बता सकती कि मेरे फैंस की शुभकामनाएं मेरे लिए कितनी मायने रखती हैं, खासकर, इस यात्रा में।'

# गोविंदा की इस फिल्म का अनोखा है रिकॉर्ड

फिल्म इंडस्ट्री में चीजें काफी हद तक इस बात पर भी निर्भर करती हैं कि आपका टाइम कैसा चल रहा है। जिस एक्टर या डायरेक्टर की फिल्में बैक-टू-बैक हिट जा रही हैं, जाहिर तौर पर उसकी वैल्यू काफी बढ़ जाती है। राजामौली, सुकुमार, भंसाली और प्रशांत नील जैसे निर्देशकों ने सिनेमा जगत में अपनी वो धाक बनाई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 90 के दशक में कुछ ऐसा ही जलवा डेविड धवन का भी हुआ करता था। डेविड धवन जिस फिल्म को हाथ लगाते वो ब्लॉकबस्टर हो जाती थी, इसलिए हर कोई उनके साथ काम करने को बेताब था।



डेविड धवन के साथ फिल्म बनाने की ऐसी होड़ थी कि लोग उनके फिल्म के लिए हां कहने से पहले ही तैयारी शुरू कर दिया करते थे। ऐसी ही फिल्म थी साल 2000 में रिलीज हुई 'कुंवारा', फिल्म में गोविंदा और उर्मिला मातोंडकर ने लीड रोल प्ले किया था और डेविड धवन इसके डायरेक्टर थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तब 19 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत में बनी इस फिल्म की कहानी बाद में लिखी गई और इसके चार गाने पहले ही फिल्मा लिए गए थे। तो चलिए अब जानते हैं कि ऐसा क्यों हुआ था। फिल्म की कहानी लिखने वाले राइटर यूनुस सेजेवाल ने एक इंटरव्यू के दौरान यह किस्सा सुनाया था। यूनुस ने कहा, ₹डेविड जी का टाइम वैसा चल रहा था कि हर किसी को डेविड जी चाहिए थे। हर कोई चाहता था कि हमारी फिल्म डेविड जी कर दें। पहले भरोसा ही निर्देशक पर इतना हुआ करता था। फिर गोविंदा सर और डेविड जी का कॉम्बिनेशन भी वैसा था। अब उसके लिए कोई कहानी नहीं थी, तो उन्होंने विदेश जाकर 3 या 4 गाने शूट कर लिए, और फिर इधर वापस आकर कहानी ढूंढने लगे।

# 'फतेह' की विशेष प्रीमियर स्क्रीनिंग आयोजित

इनोवेटिव इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशन में अग्रणी जीएम मॉड्यूलर ने मुंबई के सिटी मॉल स्थित पीवीआर में बहुप्रतीक्षित फिल्म फतेह की विशेष प्रीमियर स्क्रीनिंग आयोजित की। इस कार्यक्रम में चैनल पार्टनर, आर्किटेक्ट और सीआईएसएफ के जवान मौजूद थे, जिससे यह एक यादगार अवसर बन गया। इस स्क्रीनिंग में फतेह को पहली बार सार्वजनिक रूप से देखा गया, यह एक ऐसी फिल्म है जो अपने दमदार एक्शन सीक्वेंस, स्टार-स्टडेड कास्ट और आकर्षक कहानी के कारण पहले से ही काफी उत्साह बटोर चुकी है। हनी सिंह, अरिजीत सिंह और बी प्राक जैसे मशहूर गायकों ने फिल्म के संगीत में योगदान दिया है, जिससे फतेह ने देशभर के दर्शकों के बीच धूम मचा दी है। इस कार्यक्रम में सीआईएसएफ के शीर्ष अधिकारियों, निर्देशक जो राजन और अभिनेता अर्जन बाजवा सहित कई जाने-माने अतिथि मौजूद थे। जीएम मॉड्यूलर का प्रतिनिधित्व जीएम मॉड्यूलर की निदेशक वर्षा जैन और जीएम मॉड्यूलर की निदेशक इशिका जैन ने किया। फ़तेह एक मनोरंजक कहानी पेश करता है जो न केवल मनोरंजन करता है बल्कि देश में साइबर अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में दर्शकों को शिक्षित भी करता है।फ़िल्म को लेकर शुरुआती प्रतिक्रियाएँ काफ़ी सकारात्मक रही हैं, दर्शकों ने इसकी प्रभावशाली कहानी और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने में इसके संदेश के महत्व की प्रशंसा की है।




# राहुल पर कमेंट करने के बाद ट्रोल हुए परेश रावल

पूर्व सांसद रहे एक्टर परेश रावल का एक ट्वीट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने अपोजीशन के लीडर राहुल गांधी की तुलना गधे से की है। दरअसल एक पोस्ट में शख्स ने राहुल गांधी की तस्वीर एक गधे के साथ पोस्ट की थी। जिसमें लिखा था कि इसमें से गधे को हटाना है। परेश रावल ने इस ट्वीट को रीशेयर करके कुछ ऐसा लिखा जिस पर कई लोगों को आपत्ति है। परेश रावल अपने एक ट्वीट पर ट्रोल किए जा रहे हैं। दरअसल Zaffar नाम के X हैंडल से एक पोस्ट किया गया था। इसमें राहुल गांधी के साथ गधे की तस्वीर थी। इस पर लिखा था, क्या कोई इस तस्वीर से गधे को हटा सकता है? परेश रावल ने इसे रीट्वीट करके लिखा, आपका मतलब है फ्रेम खाली करना है? परेश रावल के इस ट्वीट पर कई सारे रिएक्शंस दिख रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, सम्माननीय मिस्टर रावल, आपको इस तरह का कमेंट करना का अधिकार किसने दिया (बता दूं कि मुझे किसी पार्टी से लगाव नहीं है) राजनीति आदमी को कितना गिरा देती है? एक ने लिखा है, आपने फिल्मों से जो भी सम्मान कमाया, इस फालतू राजनीति में सब गंवा दिया। एक ने लिखा है, आपको ये करने की जरूरत नहीं थी सर।



# बॉबी देओल को देखने उमड़ी भीड़



रविवार शाम करीब 6:30 बजे बॉबी देओल पनवेल के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक स्थित कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम पर पहुंचे, पूरा चौक फैंस से खचाखच भरा हुआ था। बॉबी देओल ने आते ही हाथ उठाकर फैंस का शुक्रिया अदा किया और फैंस का उत्साह देखकर बॉबी ने भी उनका आभार जताया. फैन्स द्वारा पूछे गए कुछ सवालों के जवाब बॉबी देओल ने मुस्कुराते हुए दिए। बॉबी देओल ने सभी को खूब सारा आशीर्वाद और प्यार दिया। कल्याण ज्वैलर्स के बारे में उन्होंने प्रशंसकों से कहा, "कल्याण ज्वैलर्स कई सालों से बेहतरीन काम कर रहा है। और उनके पारंपरिक आभूषण सभी लोगों को पसंद आते हैं। बॉबी देओल ने कल्याण ज्वैलर्स को भविष्य में उनकी आभूषण परंपरा को जारी रखने और नया कलेक्शन देखने के लिए शुभकामनाएं दीं।" अग्रणी और सबसे भरोसेमंद आभूषण ब्रांड, कल्याण ज्वैलर्स ने पनवेल में अपने नए शोरूम की घोषणा की। 12 जनवरी (रविवार) शाम 6:30 बजे बॉलीवुड स्टार बॉबी देओल ने इस नए शोरूम का उद्घाटन किया। छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, पनवेल में यह नया आउटलेट कल्याण ज्वैलर्स का महाराष्ट्र में 21वां शोरूम है। यहां बेहतरीन आभूषण संग्रह से लेकर डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरमन ने कहा, "हमने अपनी अब तक की यात्रा में उल्लेखनीय मील के पत्थर हासिल किए हैं और ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# सलमान ने लगाई करणवीर को फटकार



सलमान खान ने बिग बॉस 18 वीकेंड के वार में शनिवार को करणवीर मेहरा को फटकार लगाई। इस हफ्ते घर में टिकट टू फिनाले टास्क हुआ था। टास्क के दौरान चुम को चोट आई थी जिसके बाद शिल्पा शिरोडकर, करणवीर मेहरा और श्रुतिका विवियन के खिलाफ हो गए थे। चुम को चोट लगने की वजह से विवियन ने भी अपना टीकट छोड़ दिया था। इस पूरे टास्क पर बात करते हुए सलमान खान ने करणवीर मेहरा से तीखे सवाल पूछे और उनपर निशाना साधा। सलमान से करणवीर को डांट पड़ने की वजह से सोशल मीडिया यूजर्स काफी नाराज हैं। वहीं, काम्या पंजाबी ने करणवीर मेहरा के सपोर्ट में ट्वीट किया।

सलमान खान ने करणवीर मेहरा से पूछा कि वो महान किसके लिए बन रहे थे? वहीं, सलमान खान ने ये भी कहा कि करणवीर और उनके दोस्तों की तरफ से चुम को जिताने के लिए वुमेन कार्ड खेला गया। हालांकि, करणवीर मेहरा ने कहा कि वो कोई कार्ड नहीं खेल रहे थे। करणवीर मेहरा ने एक एक करके अपने प्वाइंट सलमान खान के सामने रखे। जब सलमान खान करणवीर को डांट लगा रहे थे, उनपर ताने कस रहे थे तब अविनाश और ईशा लगातार मुस्कुरा रहे थे। वीकेंड के वार पर जिस तरह करणवीर मेहरा को फटकार लगी उससे सोशल मीडिया यूजर्स काफी नाराज हैं।



# बॉलीवुड, टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री के सितारों ने दर्शकों का जीता दिल

मालाड मस्ती 2025 का आयोजन बेहद खास और मनोरंजक रहा, जहां बॉलीवुड, टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री के कई सितारों ने अपनी उपस्थिति से दर्शकों का दिल जीत लिया। विधायक असलम शेख के नेतृत्व में आयोजित इस इवेंट में मनोरंजन और मस्ती का शानदार संगम देखने को मिला। डांसर और एक्टर राघव जुयाल ने अपनी मजेदार हरकतों और पब्लिक इंटरेक्शन से शो में जान डाल दी। उन्होंने अपने सीनियर और प्रेरणा स्रोत शारिब हाशमी की तारीफ करते हुए उनकी फिल्म संगी का प्रमोशन किया, जो 15 जनवरी को रिलीज होने वाली है। वहीं, किल फिल्म के अपने पॉपुलर डायलॉग को मजेदार अंदाज में पेश करते हुए राघव ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। शारिब हाशमी ने मलाड मस्ती के सफल आयोजन के लिए असलम शेख की सराहना की और बताया कि वह पिछले 8 सालों से इस आयोजन का हिस्सा बनते आ रहे हैं। फेमस रैपर एमीवे बंटाई ने अपनी परफॉर्मेंस से माहौल को चार चांद लगा दिए। उनकी एनर्जी और फैन्स के साथ इंटरेक्शन ने उन्हें इवेंट का सुपरस्टार बना दिया। टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने अपनी गुजराती फिल्म का प्रमोशन किया, जबकि ईशा मालवीय ने अपने शो से जुड़ी दिलचस्प बातें साझा कीं।गायक दिलबाग सिंह, फरहान साबरी, और अन्य कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस से इस सुबह को यादगार बनाया।



# दिल्ली के उपराज्यपाल ने योगी के विकास मॉडल को सराहा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना तथा उनकी टीम ने जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का दौरा कर विकास कार्यों की जानकारी ली।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट साइट पर कंसेशनायर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से क्रिस्टोफ श्नेलमैन और मुख्य परिचालन अधिकारी सुश्री किरण जैन ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की प्रगति के बारे में समझाया।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में चल रहे विकास, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी, चिकित्सा उपकरण पार्क, परिधान पार्क, खिलौना पार्क, एमएसएमई पार्क, हेरिटेज सिटी और लॉजिस्टिक्स हब जैसी योजनाओं के बारे में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुश्री श्रुति और नोडल अधिकारी नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शैलेन्द्र भाटिया ने दिया प्रेजेंटेशन।

इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन की वजह से ही, उत्तर प्रदेश ने 07 वर्षों में ही विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व छलांग लगाई है और जिस तरीके से यहां कानून व्यवस्था और विकास का मॉडल डेवलप हुआ है, उससे अन्य लोगों को भी सीख लेनी चाहिए। इसके बाद दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना जी ने जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ प्रस्तावित फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क की भी विजिट की।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ एक विजनरी मुख्यमंत्री हैं।

आज उत्तर प्रदेश, विकास के नए नित आयाम स्थापित कर रहा है। जेवर विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। एयरपोर्ट बनने के बाद यहां के लोगों का जीवन स्तर उन्नत होगा और यह क्षेत्र विकासशील क्षेत्र में शुमार होने जा रहा है।

इस मौके पर जनपद गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह, विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र भाटिया के साथ साथ उप अधिकारी जेवर अभय प्रताप सिंह, ग्रेटर नोएडा जोन एडीसीपी अशोक कुमार, एसीपी जेवर सार्थक सेंगर आदि मौजूद रहे।





# सेक्टर-34 में लोहड़ी पर भांगड़ा और गिद्दा डांस ने समा बांधा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-34 स्थित बी-3 अरावली अपार्टमेंट में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि लोहड़ी के पर्व के साथ ही नई सवंत शुरू हो जाती है और मौसम बदलने का आगाज भी होता है। इसलिए लोहड़ी को जश्न के रूप में मनाया जाता है।

सोसायटी स्थित सेंट्रल पार्क में लोगों के लिए लोहड़ी का पर्व मनाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। यहां सांय 7 बजे पूजा कर लोहड़ी जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने मूंगफली, पापकार्न, तिल से बने समान एक दूसरे में बांटे और लोहड़ी की बधाई दी। इस मौके पर ढोल की थाप पर भी लोग खूब नाचे।

इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा महासचिव प्रदीप सिंह कोषाध्यक्ष आर पी प्रजापति सविता केदार बीएस रंधावा कुलविंदर कौर मनदीप कौर पायल वर्मा सविता ग्रोवर रजनीश कुमार गुरपिंदर सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 35वें स्थापना दिवस की तैयारी शुरू

ग्रेटर नोएडा ( **चेतना मंच** )। 34 वर्षीय होने जा रहे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का 35वां स्थापना दिवस इस बार धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी है। चार दिवसीय कार्यक्रमों में विभिन्न विषयों पर सेमिनार, खेल, बच्चों से संबंधित कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों की विशेष भागीदारी रखने की योजना है।




28 जनवरी 1991 को अस्तित्व में आया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 34 वर्ष का होने जा रहा है। आगामी 28 जनवरी को प्राधिकरण के 35 वें स्थापना दिवस को यादगार बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। तीन दिन पहले से शुरू होने वाले स्थापना दिवस समारोह में दर्जनों कार्यक्रम होंगे। इनमें हैकाथॉन, क्रिकेट मैच, सेमिनार, छात्रों के लिए आलेखन व निबंध लेखन प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन, रागिनी गायन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की विकास यात्रा को एक चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सकता है।मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी द्वारा स्थापना दिवस समारोह आयोजन की जिम्मेदारी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार सिंह को दी गई है। इस संबंध में प्राधिकरण में आज एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बताया गया है कि स्थापना दिवस कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।



गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने आईपीएस शैव्या गोयल को सहायक पुलिस आयुक्त से अपर पुलिस उपायुक्त पद पर पदोन्नति मिलने पर रैंक प्रतीक लगाकर बधाई दी और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर्व भारतीय संस्कृति की नींव है: आचार्य श्रुति



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'लोहड़ी-मकर संक्रांति' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा है भारत मूलतः सूर्य उपासकों का देश होने के कारण मकर संक्रांति सूर्यवंशी वैदिक आर्यों का राष्ट्रीय पर्व है।यहां बारह महीने के तीज त्यौहार सूर्य के संवत्सर चक्र के अनुसार मनाए जाते हैं।खगोलीय दृष्टि से सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में संक्रमण मकर संक्रांति कहलाता है।मकर राशि में सूर्य का प्रवेश होने का तात्पर्य वाष्पीकरण की सतत् प्रक्रिया द्वारा मानसूनो का निर्माण होना जिसे भारतीय वैज्ञानिक वृष्टि गर्भ कहते हैं।

मकर संक्रांति पर्व रात्रि से प्रभात वेला की ओर तथा अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का पर्व है। मकर संक्रांति के दिन तीर्थ राज प्रयाग ओर गंगा स्नान आदि तीर्थ स्थानों में स्नान करने दूर दूर से तीर्थ यात्री आते हैं। इस अवसर पर स्नान, दान, जप, तप, श्राद्ध तथा तर्पण आदि धार्मिक अनुष्ठानों का भी विशेष महत्व है।

हरियाणा ओर पंजाब में इसे लोहड़ी पर्व के रूप में एक दिन पूर्व ही मनाया जाता है।तमिलनाडु में पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाने की परंपरा है। अग्निदेवता की पूजा करते हुए तिल,गुड,चावल और भुने हुए मक्के की आहुति दी जाती है।

मकर संक्रांति की प्रभात वेला में भारत वर्ष का कृषक वर्ग इसी वृष्टि कारक सूर्य को प्रणाम करते हुए कामना करता है 'निकामे निकामे वर्षतु मेघा',अर्थात सूर्य देव समय समय पर कृषि के अनुकूल वर्षा करें ताकि भारतवासी आर्यों का यह देश अन्न,धन और सुख समृद्धि से संपन्न हो सके। हमें अपने देश के उन आंचलिक पर्वों और त्योहारों का विशेष रूप से आभारी होना चाहिए जिनके कारण भारतीय सभ्यता और संस्कृति की ऐतिहासिक पहचान आज भी सुरक्षित है।

मुख्य अतिथि आर्य नेत्री कृष्णा पाहुजा व अध्यक्ष राजश्री यादव ने पर्वों की महत्ता पर प्रकाश डाला। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।